उज्जैन
रविवार
03
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-179
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651


# दैनिक ब्रह्मास्त्र



तन्वी द ग्रेट से चमकी शुभांगी, ऑडिशन में खूब रोईं 60 से ज्यादा रिजेक्शन झेलीं, कई बार बिना ऑडिशन लौटाया गया, अब लगातार मिल रहे अवॉर्ड्स

पेज- 8

## दिल्ली की लोअर कोर्ट के जज ने पत्नी के दुपट्टे से लागाई फांसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कड़कड़डूमा लोअर कोर्ट में तैनात एक न्यायिक अधिकारी अमन कुमार शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस



और मीडिया को दिए बयान में उनके एक रिश्तेदार ने बताया कि उन्होंने पत्नी के दुपट्?टे से फांसी लगाकर आत्महत्या की है। 30 साल के अमन नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के कड़कड़डूमा कोर्ट में डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के फुल-टाइम सेक्रेटरी के रूप में काम करते थे। अमन ने 19 जून 2021 को दिल्ली न्यायिक सेवा जॉइन की थी। उनकी पत्नी स्वाति भी एक न्यायिक अधिकारी है। रिश्तेदार का दावा है कि मरने से पहले पति-पत्नी के बीच जमकर झगड़ा हुआ था। अमन की पत्नी ने बीच-बचाव करने आए ससुर को भी पुलिस की धमकी दी थी।

## फौजी ने गर्लफ्रेंड के कहने पर पत्नी को मार डाला

**बरेली।** बरेली में फौजी ने पत्नी की हत्या अपनी गर्लफ्रेंड के लिए की थी। पुलिस ने बताया कि फेसबुक से बनी गर्लफ्रेंड का खर्चा चलाने के लिए फौजी हर महीने उसे 15 हजार रुपए देता था। लेकिन, जब गर्लफ्रेंड को पता चला कि फौजी शादीशुदा है, तो दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। इसके बाद गर्लफ्रेंड ने फौजी से कहा- अगर तुम मेरे साथ रहना चाहते हो, तो तुम्हें अपनी पत्नी को मारना होगा। प्यार में अंधे फौजी ने 22 अप्रैल को गर्लफ्रेंड के कहने पर पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद फौजी ने फोल कर गर्लफ्रेंड को पूरी बात बताई। सीसीटीवी और कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने 1 मई को गर्लफ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया। इसी दिन आरोपी फौजी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

## मुस्लिम सांसद इल्हान उमर पर निजी टिप्पणी से अमेरिकी राजनीति में हंगामा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राजनीति में एक बार फिर तीखा विवाद सामने आया है, जहां डोनाल्ड ट्रंप के एक



बयान ने बहस छेड़ दी है। इस बार उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की मुस्लिम सांसद इल्हान उमर को लेकर सार्वजनिक मंच से ऐसी टिप्पणी की, जिसे लेकर राजनीतिक गलियारों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। फ्लोरिडा में एक रैली के दौरान ट्रंप ने न केवल इल्हान उमर पर व्यक्तिगत आरोप लगाए, बल्कि उनकी निजी जिंदगी का मजाक उड़ाते हुए उनके बोलने के अंदाज की नकल भी की।

## ईरान जंग से दुनिया पर फूड संकट का खतरा

**तेल अवीव।** संयुक्त राष्ट्र की संस्था एफएओ के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने चेतावनी दी है कि दुनिया एक बड़े खाद्य संकट की ओर बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि होर्मुज बंद होने से खाद (फर्टिलाइजर) की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई है। युद्ध शुरू होने के बाद से खाद की सप्लाई लगभग रुक गई है, जिससे कीमतें बढ़ रही हैं और कमी भी हो रही है। इसका असर खेती पर पड़ेगा और फसलों की पैदावार 30% तक घट सकती है। इससे खाने-पीने की चीजें और महंगी हो सकती हैं। टोरेरो ने अल जजीरा से कहा कि हालात इसलिए और खराब हो रहे हैं, क्योंकि एशिया में बुआई का समय निकल चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और ब्राजील जैसे बड़े देश अपनी फसलें बदल सकते हैं और गेहूं-मक्का की जगह सोयाबीन उगा सकते हैं, जिससे बाजार पर और असर पड़ेगा।

### दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में 4 मंजिला बिल्डिंग में

# आग लगने से 9 लोगों की मौत

### कुछ के सिर्फ कंकाल मिले, 10 से 15 लोग बचाए गए, एसी में ब्लास्ट की आशंका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में एक चार मंजिला बिल्डिंग में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। रेस्क्यू और आग बुझाने के दौरान 10 से 15 लोगों को बचाया गया। इनमें दो लोग घायल हुए हैं।

मौके पर पहुंचे भाजपा विधायक संजय गोयल ने बताया कि सुबह करीब 3:45 बजे आग लगी और देखते ही देखते बिल्डिंग के चारों फ्लोर में फैल गई। कुछ लोग दरवाजे का लॉक नहीं खोल पाए, जिस वजह से उनकी मौत हो गई। कुछ शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं कि कंकाल जैसी हालत में हैं।



इसलिए उनकी पहचान डीएनए जांच से की जाएगी। पुलिस ने पहचान के लिए शवों की तस्वीरें ली हैं। संजय गोयल के अनुसार, घटना के पीछे शॉर्ट सर्किट मुख्य कारण बताया जा रहा है, हालांकि कुछ स्थानीय लोग अउ में धमाके को भी कारण बता रहे हैं।

#### अलग-अलग मंजिलों से 9 शव बरामद किए गए

शाहदरा के डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे हमें आग लगने की सूचना मिली थी। आग इमारत के 5-6 फ्लैट्स में फैली थी। लोगों के शव अलग-अलग फ्लोर से बरामद हुए। पहले फ्लोर से एक शव, दूसरे फ्लोर से 5 और तीन शव सीढ़ियों से मिले, जो लॉक था।
डीसीपी ने कहा कि 10 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर आई थीं। करीब 15 लोगों को बालकनी और खिड़कियों के जरिए बाहर निकाला गया। जिनमें से दो लोगों को हल्की चोटें आईं और उन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### क्रूज हादसे के बाद जागी वाराणसी की नींद

## गंगा में बिना लाइफ जैकेट चल रही 24 नावें जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाराणसी

जबलपुर के बरगी बांध में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे की गूंज अब धर्मनगरी वाराणसी के घाटों पर भी सुनाई दे रही है जिसके बाद स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा मानकों को लेकर बेहद कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। बरगी बांध में नर्मदा क्वीन क्रूज के डूबने से हुई जनहानि के बाद उत्तर प्रदेश के वाराणसी में जिला प्रशासन और जल पुलिस ने संयुक्त रूप से गंगा की लहरों पर चलने वाली नावों के खिलाफ एक बड़ा अभियान छेड़ दिया है। शनिवार को हुई इस कार्रवाई में गंगा के विभिन्न घाटों पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। जिसमें सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाने वाली 24 नावों को तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया गया। इन सभी नावों में यात्रियों के लिए अनिवार्य लाइफ जैकेट नहीं पाए गए थे और नाविकों के पास सुरक्षा के अन्य प्राथमिक संसाधन भी नदारद थे। जबलपुर हादसे से सबक लेते हुए वाराणसी प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पर्यटकों की जान के साथ किसी भी तरह का समझौता अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले नाविकों के लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

### देवास में सगाई तोड़ने पर लड़केवाले कार में जबरन ले गए

## दंपती को अगवा कर पीटा जूते-चप्पलों की माला पहनाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देवास

देवास में बचपन में तय सगाई तोड़ने से नाराज लड़के पक्ष के लोगों ने लड़की के माता-पिता का अपहरण कर लिया। आरोपियों ने दंपती के साथ मारपीट कर जूते-चप्पलों की माला पहनाकर अपमानित किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दंपती को छुड़ाया।

घटना 30 अप्रैल को सोनकच्छ क्षेत्र की है, जबकि शनिवार को इसका वीडियो सामने आया। उज्जैन निवासी दंपती सोनकच्छ के ग्राम भटकुंड में एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। लौटते समय आरोपियों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया।

आरोपियों ने विवाद करते हुए पति-पत्नी को जबरन कार में बैठाया और आष्टा तहसील के ग्राम टीबूपुरा ले गए। यहां उनके साथ मारपीट की गई और जूते-चप्पलों की माला पहनाकर अपमानित किया गया। आरोप है कि दंपती के गहने भी छीन लिए गए। वायरल वीडियो में महिलाएं भी मारपीट करती नजर आ रही हैं।

जानकारी के अनुसार, करीब 10 साल पहले दोनों पक्षों के बीच सगाई तय हुई थी। हाल ही में लड़की पक्ष ने सगाई तोड़कर अन्य जगह रिश्ता तय कर दिया। इसी बात से नाराज लड़के पक्ष के लोग जबरन शादी कराने का दबाव बना रहे थे। पीड़ित पिता के मुताबिक, उनकी बेटी नाबालिग है, इसलिए उन्होंने शादी से इनकार कर सगाई तोड़ दी थी। इसको लेकर समाज स्तर पर कई बार समझाइश भी हुई, लेकिन विवाद खत्म नहीं हुआ।

### निनोरा के पास 55 लाख के ट्रक में भरी

## 45 लाख की अवैध बियर पकड़ाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



रात में सूचना मिलने पर निनोरा के पास से पुलिस ने एक ट्रक को पकड़ा। जिसमें बीयर की पेटियां भरी हुई थी। दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिली थी कि गुजरात पासिंग ट्रक क्रमांक जीजी 17 यू यू 9877 में अवैध शराब का परिवहन हो रहा है जो इंदौर की ओर जा रहा है। सूचना पर उप निरीक्षक हेमंत सिंह जादौन, अनिल ठाकुर, प्रधान आरक्षक दिग्विजयसिंह, आरक्षक मुकेश मालवीय, कमल जसौदिया, अनिल हाड़ा, जगदीश सोनी, राजेश की टीम बनाई गई और ट्रक को निनोरा के समीप रोका गया। जिसमें रवि पिता जुबान सिंह चौहान 22 साल और गमरा पिता सुरसिंह गुजरिया 26 साल निवासी ग्राम रामसिंह की चौकी थाना अलीराजपुर जिला अलीराजपुर सवार थे। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें 900 पेटी बीयर की भरी होना पाई गई। पूछताछ में बीयर और परिवहन संबंधित दस्तावेज नहीं पाए गए। मामला अवैध परिवहन का होने पर ट्रक को जप्त किया गया और दोनों को हिरासत में लेकर प्रकरण दर्ज किया गया। ट्रक 55 लाख कीमत का होना सामने आया है उसमें भरी शराब 45 लाख रुपए की है। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि इतनी अधिक मात्रा में बियर कहां से ट्रक में भारी गई थी और कहां ले जाए जा रही थी।

**दो युवकों से पूछताछ**

### मध्य प्रदेश में शनिवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

# राज्य सरकार ने 62 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में शनिवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए राज्य सरकार ने 62 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। गृह विभाग द्वारा जारी इस सूची में एडीजी, डीआईजी, एसपी और डीसीपी स्तर तक के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

लंबे समय से लंबित यह सूची मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और डीजीपी कैलाश मकवाणा के बीच हुई चर्चा के बाद जारी की गई। सिंगरौली में हाल ही में हुए बैंक डकैती कांड के बाद एसपी मनीष खत्री को हटा दिया गया है। उन्हें एआईजी पीएचक्यू बनाया गया है। सिवनी जिले में सामने आए हवाला कांड के चलते एसपी सुनील मेहता को भी हटा दिया गया है। उन्हें डीसीपी इंदौर बनाया गया है।




**19 एसपी बदले, बैंक डकैती के बाद सिंगरौली रढ हटाए गए, मयंक होंगे नारकोटिक्स डीआईजी**

#### इन 19 जिलों के एसपी बदले

इस व्यापक बदलाव में कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी गई है। खास तौर पर विवादों में रहे जिलों के पुलिस अधीक्षकों को हटाते हुए नई पोस्टिंग दी गई है। प्रदेश के 19 जिलों में एसपी बदले गए हैं। इनमें भिंड, शिवपुरी, रीवा, सागर, धार, मुरैना, छतरपुर, खंडवा, नीमच, पांढुर्णा, आगर मालवा, अनूपपुर, मऊगंज, डिंडौरी, मंदसौर, दतिया, सीहोर, सिंगरौली, दमोह और सिवनी शामिल हैं।

#### एसपी से डीआईजी स्तर तक बड़ा फेरबदल

तबादला आदेश में डीआईजी बनने के बाद जिलों में पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी निभा रहे आईपीएस अधिकारियों को नई पदस्थापना दी गई है। पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेंद्र चौहान को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), नगरीय भोपाल बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक धार मयंक अवस्थी को डीआईजी नारकोटिक्स, इंदौर की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस अधीक्षक झाबुआ शिवदयाल को डीआईजी पीएचक्यू, भोपाल पद पर पदस्थ किया गया है। इसके अलावा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेडियो रियाज इकबाल को डीआईजी पीएचक्यू, राहुल कुमार लोढ़ा (एसपी रेल भोपाल) को डीआईजी पीएचक्यू, सिमाला प्रसाद (एसपी रेल जबलपुर) को भी डीआईजी पीएचक्यू में पदस्थ किया गया है। इसी तरह असित यादव (एसपी भिंड) को डीआईजी ग्वालियर रेंज और विवेक सिंह (पुलिस उपायुक्त जोन-2, नगरीय भोपाल) को डीआईजी शहडोल रेंज की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### अतिरिक्त प्रभार में बदलाव

- स्पेशल डीजी अनिल कुमार से लेखा एवं कल्याण का अतिरिक्त प्रभार वापस लिया गया है।
- मोहम्मद शाहिद अबसार को डायरेक्टर, मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी भौंरी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। अब उनके पास एडीजी चयन एवं भर्ती के साथ पीटीआरआई की जिम्मेदारी रहेगी।
- बालाघाट एसपी आदित्य मिश्रा को वर्तमान पद के साथ सेनानी, हॉक फोर्स बालाघाट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।
- खंडवा एसपी मनोज कुमार राय को पदोन्नति के बाद डीआईजी पीएचक्यू में पदस्थ किया गया है। हाल ही में डीआईजी बने मनोज कुमार राय को इस फेरबदल में खंडवा से हटाकर मुख्यालय भेजा गया।

## खबर एक नजर...

### साईड नहीं देने पर दो वाहन चालको के बीच विवाद

**उज्जैन।** एबी रोड रोजवास टोल पर शुक्रवार-शनिवार रात साइड नहीं देने की बात पर ट्रक चालक और चार पहिया वाहन चालक के बीच विवाद हो गया। चार पहिया वाहन चालक ने ट्रक के कांच फोड़ चालक से मारपीट की। ट्रक चालक ने चार पहिया वाहन चालक से मारपीट कर दांत से काट लिया। मामला तराना पुलिस के पास पहुंचने पर ट्रक चालक रामअवतार पिता हनुमंतसिंह राजपूत निवासी खडेला जिला गुना की शिकायत पर केस दर्ज किया। वहीं चार पहिया वाहन चालक ब्रजभूषण पिता गजेन्द्रसिंह राजावत निवासी बसंतपुरा भिंड की शिकायत पर क्रास कायमी कर जांच में लिया।

### नृत्य सिद्धा अकादमी को मिले पांच प्रथम पुरस्कार

**उज्जैन।** शहर की नृत्य सिद्धा कला अकादमी के विद्यार्थियों ने जबलपुर में 2 मई 2026 को हुए अंतरराष्ट्रीय रेवा महोत्सव में पांच श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार जीते। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अकादमी की प्रस्तुतियों ने लय-ताल और भावाभिव्यक्ति के कारण ध्यान खींचा।सब-जूनियर वर्ग की त्रिगल कथक प्रस्तुति में वंशिका तालोदिया, ध्रुविका सक्सेना और देवेशीसिंह चौहान को प्रथम पुरस्कार मिला। इसी प्रस्तुति को कला कौशल अलंकार विशेष सम्मान भी दिया गया। अकादमी ने उप-कनिष्ठ लोकनृत्य, कनिष्ठ कथक और वरिष्ठ लोकनृत्य वर्ग में भी प्रथम पुरस्कार हासिल किया। सब-जूनियर एकल लोकनृत्य वर्ग में राधिका चावड़ा को द्वितीय स्थान मिला। इन प्रस्तुतियों का निर्देशन रितु शर्मा शुक्ला ने किया। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के नियमित अभ्यास का परिणाम बताया।

### महात्मा फुले द्वितीय शताब्दी वर्ष पर कल राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन

**उज्जैन।** समाज सुधारक और चिंतक महात्मा ज्योतिबा राव फुले के जन्म के द्वितीय शताब्दी वर्ष पर 4 मई को उज्जैन में राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन होगा। आयोजन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग एकता मंच और अखिल भारतीय माली महासंघ, जिला उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में होगा। सम्मेलन सुबह 10 बजे से कोठी रोड स्थित कालिदास अकादमी के ऑडिटोरियम में रखा गया है। आयोजकों के मुताबिक देश के अलग-अलग प्रांतों से सामाजिक और पिछड़े वर्ग के प्रमुख नेता शामिल होंगे। वक्ता समाज को मानसिक पराधीनता से मुक्त करने का संकल्प दिलाएंगे। सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन की बात रखेंगे। अंधविश्वास के अंधकार को खत्म करने का संदेश देंगे। सम्मेलन के संयोजक सुरेश सोनगरा ने बताया उद्देश्य महात्मा फुले के विचार को आगे बढ़ाना है। उन्होंने जातिगत भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ संघर्ष किया। सामाजिक समरसता पर जोर दिया। महिला शिक्षा के लिए आजीवन योगदान दिया। सोनगरा ने कहा कि सम्मेलन के जरिए फुले के सामाजिक संदेश को आज की चुनौतियों से जोड़कर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास होगा।

### 15 दिवसीय कार्यशाला में सिखाएंगे नृत्य व अन्य कला

**उज्जैन।** प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था की 21वीं ग्रीष्मकालीन नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ रविवार शाम 6 बजे फ्रीगंज स्थित भारतीय ज्ञानपीठ में होगा। संस्कृति संचालनालय, मध्य प्रदेश के सहयोग से आयोजित कार्यशाला 17 मई तक चलेगी। इसमें शहर के कलाप्रेमियों को देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों से शास्त्रीय, लोक, पाश्चात्य नृत्य शैलियों का प्रशिक्षण मिलेगा। संस्था उपाध्यक्ष डॉ. अनिता चौधरी ने बताया प्रतिकल्पा वर्षभर कथक का प्रशिक्षण देती है। इस विशेष ग्रीष्मकालीन सत्र में भरतनाट्यम, राजस्थानी लोक नृत्य और मालवी लोक नृत्य सिखाया जाएगा। वर्तमान रुझान के अनुसार वेस्टर्न डांस भी सिखाया जाएगा। भरतनाट्यम का प्रशिक्षण सयाजीराव यूनिवर्सिटी, बड़ौदा के भरतनाट्यम नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्मृति वाघेला और वरिष्ठ नृत्यांगना अरनी भक्त देंगी। मालवी और राजस्थानी लोक नृत्य का प्रशिक्षण नृत्य गुरु डॉ. पल्लवी किशन और नृत्य गुरु लोकेश सिंह तोमर और वेस्टर्न, हिप-हॉप, कंटेंपरेरी, बॉलीवुड डांस का प्रशिक्षण यूफोरिया डांस स्टूडियो के डायरेक्टर सोनू जोसेफ देंगी।



## यूडीए की बेगम बाग क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई

# 5 अवैध निर्माणों को किया ध्वस्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हरिफाटक ब्रिज के समानांतर नए पुल का निर्माण शुरू हो चुका है और इसी कड़ी में शनिवार को यूडीए ने बेगम बाग क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। पहले से नोटिस देने के कारण अधिकांश मकान खाली मिले, जिससे कार्रवाई बिना बड़े विरोध के पूरी हो सकी।



**बेगमबाग में अब भी 32 अवैध निर्माण बाकी**

यूडीए द्वारा हटाई गई जमीन को एमपीआरडीसी को सौंप दिया है, जहां हरिफाटक ब्रिज के समानांतर नया पुल तैयार किया जा रहा है। एमपीआरडीसी संभागीय प्रबंधक विजय सिंह ने बताया कि ब्रिज निर्माण का फाउंडेशन कार्य शुरू हो चुका है और इसे अगले वर्ष जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

वहीं यूडीए का कहना है कि पुल के आसपास आने वाले अधिकांश अतिक्रमण पहले ही हटाए जा चुके हैं। यूडीए सीईओ संदीप सोनी ने बताया कोर्ट के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है और रहवासियों ने भी इसमें सहयोग किया है।

**करीब 63 निर्माण हटाए जा चुके:** बेगमबाग क्षेत्र में ऐसे करीब 95 अवैध निर्माण है। यूडीए अब तक सात चरणों में कार्रवाई कर चुका है, जिसमें करीब 63 निर्माण हटाए जा चुके हैं। अभी भी करीब 30-32 निर्माण शेष हैं, जिनका मामला न्यायालय में है। यूडीए के अनुसार पुल निर्माण के दायरे में आने वाले 25 से 30 मकान पहले ही हटाए जा चुके हैं, जिससे प्रोजेक्ट का मुख्य हिस्सा अब पूरी तरह साफ हो चुका है।

**अधिकांश लीज 2015 में समाप्त, नियमों के उल्लंघन पर कर रहे कार्रवाई-** दरअसल यह पूरी जमीन विकास प्राधिकरण की है, जिसे वर्ष 1985 में आवासीय उपयोग के लिए लीज पर दिया था। अधिकांश लीज वर्ष 2015 में समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद लोगों ने नियमों का उल्लंघन करते हुए जमीन का व्यावसायिक उपयोग शुरू कर दिया। कई प्लॉट पर मकान बनाकर उन्हें होटल में तब्दील कर दिया। कई प्लॉट को बांटकर एक ही प्लॉट पर दो से तीन निर्माण कर लिए गए, जिससे कुल निर्माणों की संख्या करीब 95 तक पहुंच गई। इनमें होटल, दुकान और छोटे कारखाने भी संचालित हो रहे थे, जो लीज शर्तों के विपरीत है।

# समर वेकेशन में इंदौर-मुंबई के बीच एसी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गर्मियों की छुट्टियों के देखते हुए रेलवे से इंदौर से मुंबई तक के लिए एक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। ट्रेन संख्या 09079 मुंबई सेंट्रल-इंदौर स्पेशल प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को 23:20 बजे मुंबई सेंट्रल से प्रस्थान करेगी। अगले दिन दोपहर 1 बजे बजे इंदौर पहुंचेगी।

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से यात्रा की मांग को ध्यान में रखते हुए मुंबई सेंट्रल और इंदौर स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर एसी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 09079/09080 मुंबई सेंट्रल-इंदौर एसी सुपरफास्ट स्पेशल दोनों दिशाओं में 17-17 फेरे चलेगी। यह ट्रेन 3 मई, 2026 से 28 जून, 2026 तक चलेगी। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के जनसंपर्क



अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि ट्रेन संख्या 09080 इंदौर-मुंबई सेंट्रल स्पेशल प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को 17:00 बजे इंदौर से प्रस्थान करेगी। अगले दिन 7:10 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 4 मई, 2026 से 29 जून, 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, दाहोद, रतलाम एवं उज्जैन स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में एसी 3-टियर कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09079 एवं 09080 की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों एवं आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू कर दी गई है।

## बाइक से अवैध शराब बेचने निकले पिता-पुत्र

# 60 हजार की शराब के साथ बाइक बरामद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रात के अंधेरे में बाइक से शराब बेचने निकले पिता-पुत्र को पुलिस ने सर्कल भ्रमण के दौरान सूचना मिलने पर पकड़ा। उनके पास से पान मसाला के झोले में भरी 60 हजार की शराब और हाथ भट्टी पर बनी कच्ची शराब से भरी केन बरामद की गई है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार रात प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, पियुष मिश्रा, आरक्षक पुष्पराजसिंह, कमल पटेल और अंकित सर्कल भ्रमण पर थे। तभी सूचना मिली कि बाइक पर सवार 2 लोग दाऊदखेड़ी के आसपास पान मसाला के झोले में शराब के क्वार्टर भरकर लाये है और नशा करने वालों को बेच रहे है। सर्कल भ्रमण की टीम दाऊदखेड़ी पहुंची, लेकिन वहां कोई बाइक सवार दिखाई नहीं दिया, आसपास तलाश करने पर विनायक विहार कालोनी के पास बाइक पर झोलों के साथ 2 व्यक्ति दिखाई दिये। टीम ने पीछा किया



और बाइक रोक ली। झोलों की तलाशी लेने पर उसमें अंग्रेजी शराब माइल स्टोन ब्लू के क्वार्टर भरे होने के साथ प्लास्टिक की केन मिली। केन में हाथ भट्टी पर बनी कच्ची बदबूदार शराब भरी थी। दोनों से पूछताछ करने पर सामने आया कि सुदाम नगर के रहने वाले पिता- पुत्र मुकेश पिता लक्ष्मण राय और अर्थव पिता मुकेश राय है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज कर शराब के साथ बाइक जप्त की गई है।

उज्जैन
रविवार
03
मई, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

दानानां च समस्तानां चत्वार्येतानि भूतले।
श्रेष्ठानि कन्यागोभूमिविद्या दानानि सर्वदा।।
अर्थः कन्यादान, गोदान, भूमिदान और विद्यादान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ हैं।

## खबर एक नजर...

### इंदौर आकर मां-बेटे लेते थे एमडी-डोडाचूरा का ऑर्डर

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा की तस्करी करने वाले मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। दोनों रतलाम से इंदौर आकर ड्रग्स सप्लाई का नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस ने इनके पास से करीब 16 लाख रुपए का मादक पदार्थ और अन्य सामान बरामद किया है। इंदौर क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रतलाम जिले के पिपलौदा निवासी नावेद खान और उसकी मां मुमताज शहर में ड्रग्स की सप्लाई के लिए आने वाले हैं। सूचना के आधार पर टीम ने पत्थर गोदाम रोड पर जाल बिछाकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब तलाशी ली तो उनके बैग से 159 ग्राम एमडी ड्रग्स और 990 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 16 लाख रुपए बताई जा रही है। साथ ही बाइक सहित कुल 16 लाख 80 हजार रुपए का माल जब्त किया गया है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, दोनों आरोपी लगातार इंदौर आकर ड्रग्स के ऑर्डर लेते थे। उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के बाद यह कार्रवाई की गई। जांच में सामने आया है कि नावेद गैरेज पर काम करता है, जबकि उसकी मां दिहाड़ी मजदूरी करती है। ज्यादा पैसे कमाने के लालच में दोनों ड्रग्स सप्लाई के नेटवर्क से जुड़ गए। ये लोग ऑर्डर लेने के बाद स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर से माल लेकर सप्लाई करते थे।

### दो आरक्षकों को कार ने उड़ाया, उछलकर दूर गिरे



**इंदौर।** तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े दो पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों उछलकर दूर जा गिरे। चौंकाने वाली बात यह है कि कार चलाने वाला भी पुलिसकर्मी ही निकला। उसे मौके से पकड़ लिया गया। हादसे में एक आरक्षक की हालत गंभीर है। दोनों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।घटना शुक्रवार देर रात राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक बीट बिजलपुर में आरक्षक प्रमोद त्यागी और भूरालाल जामले ड्यूटी पर थे। उनकी ड्यूटी रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक थी। गश्त के दौरान दोनों दुर्गानगर एबी रोड के पास बाइक के साथ खड़े थे, तभी तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

### पकड़ाया आईपीएल मैच का सट्टा, घर से ही वेबसाइट के जरिए लगवा रहा था

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने आईपीएल का सट्टा संचालित करने वाले एक युवक को पकड़ा है। टीम ने उसके घर पर दबिश दी, जहां वह टीवी पर मैच देखते हुए दो मोबाइल फोन से सट्टा ऑपरेट कर रहा था। वह एक वेबसाइट के जरिए यह काम कर रहा था। टीम को मोबाइल फोन से अन्य लोगों की जानकारी भी मिली है, जिनकी तलाश जारी है। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने शनिवार को मामले का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी। इसके बाद धर्मराज कॉलोनी स्थित एक घर पर दबिश दी गई। यहां से शुभम उर्फ मोनू यादव को पकड़ा गया। जब टीम उसके घर पहुंची, तब वह टीवी पर आईपीएल मैच देखते हुए दो मोबाइल फोन से सट्टा खिलवा रहा था। उसके पास से दो मोबाइल फोन, एक एलईडी टीवी सहित करीब एक लाख रुपए का सामान बरामद किया है। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी सट्टे के लिए लोगों को पैसे उधार देता था और उनसे ब्याज भी वसूल करता था।

### देवगुराड़िया में बोरिंग से निकल रहा गंदा पानी, लोगों के शरीर में खुजली, बाल भी झड़ रहे

# भागीरथपुरा जलकांड के बाद भी इंदौर में पानी का संकट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा में हुए जल काड़ के बाद भी शहर में दूषित पानी का संकट खत्म नहीं हुआ। अब देवगुराड़िया पंचायत क्षेत्र में इन दिनों जल संकट गंभीर रूप ले चुका है। भीषण गर्मी के बीच यहां के रहवासी पानी की कमी के साथ-साथ दूषित जल की समस्या से भी जूझ रहे हैं। ट्रेंचिंग ग्राउंड से छोड़े जा रहे गंदे पानी के रिसाव ने आसपास की कॉलोनियों के भूजल को प्रभावित कर दिया है, जिससे बोरिंग का पानी भी प्रदूषित हो गया है।

स्थिति यह है कि बोरिंग से निकलने वाला पानी इतना गंदा और बदबूदार है कि न तो इसका उपयोग नहाने-धोने में किया जा सकता है और न ही पीने में। खासकर बच्चों के लिए यह पानी खतरनाक साबित हो रहा है। बता दें कि दिसंबर-2025 में भागीरथपुरा में दूषित पानी की वजह से 35 लोगों की मौत हो गई थी।



**बाल झड़ने और त्वचा रोगों की शिकायतें-** स्थानीय महिलाओं ने बताया कि दूषित पानी के उपयोग से उनके बाल तेजी से झड़ रहे हैं। कंघी करते समय बाल गुच्छों में निकल रहे हैं। पुरुषों में भी यही समस्या देखने को मिल रही है। गांव में वाकई बोरिंग से जो गंदा पानी आ रहा है वह काफी दूषित, बदबूदार है और दिखने में पीला डीजल जैसा है। 23 वर्षीय अनिल चौधरी ने बताया कि कई घरों में आरओ के फिल्टर दो-तीन माह में खराब हो रहे हैं। उन्होंने कहा मैं तो इस पानी की वजह से गंजा होता जा रहा हूं। डॉक्टरों का कहना है कि पानी में टीडीएस (घुले ठोस पदार्थ) की मात्रा अधिक हो सकती है।

### सीएनजी प्लांट और ट्रेंचिंग ग्राउंड पर आरोप

अभिषेक जाट (किसान पुत्र) ने बताया कि क्षेत्र में एशिया का एक बड़ा सीएनजी प्लांट स्थित है, जहां पहले बड़े पैमाने पर कचरा जमीन में दबाया गया था। आरोप है कि प्लांट का गंदा पानी आसपास छोड़ा जा रहा है, जिससे वह पानी यहां स्थित तलैया में आने के साथ जमीन में जा रहा है जिससे भूजल लगातार खराब हो रहा है। देवगुराड़िया, पत्थर मुंडला, मान सरोवर से लेकर श्रीजी वैली तक कुछ इलाकों में बोरिंग का पानी दूषित हो चुका है। राऊ विधानसभा क्षेत्र के कई हिस्से जल संकट से जूझ रहे हैं। पानी में टीडीएस, खार इतना है कि बड़ी कंपनियों के नल, पाइप जल्दी खराब हो रहे हैं।

### पानी में डीजल जैसी परत, बर्तन हो रहे पीले

ओमप्रकाश जाट ने बताया कि वार्ड 9 में ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा जलाया जा रहा है। मवेशी प्लास्टिक खा रहे हैं और उनकी मौत हो रही है। सड़ते अवशेषों से गंदगी जमीन में मिल रही है, जिससे पानी डीजल जैसा दिखने लगा है। रहवासियों का कहना है कि इस पानी से बर्तन पीले पड़ रहे हैं और बाल्टियों व बर्तनों में मोटी परत जम रही है।

### खुजली, चकत्ते और अन्य बीमारियां

- गीताबाई, विजय नाथ और दरियाव नाथ सहित कई लोगों ने बताया कि दूषित पानी से शरीर में खुजली, चकत्ते और अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। मजबूरी में लोग इसी पानी का उपयोग कर रहे हैं।
- मानसरोवर कॉलोनी की मनीषा मालवीय ने बताया कि पिछले दो वर्षों में उनके बाल लगातार झड़ रहे हैं। उन्होंने कंघी करने के दौरान टूटे हुए बालों का एक गुच्छा मौके पर बताया। वहीं रामलता चौहान ने कहा कि इस पानी से चाय तक फट जाती है और त्वचा पर चकत्ते हो गए हैं।

# बाइक सवार को टैंकर ने कुचला, सिर के टुकड़े-टुकड़े

### इंदौर में बिखरे अवशेष हाथों से समेटने पड़े, स्पीड ब्रेकर पर बिगड़ा था संतुलन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां बाइक से गिरते ही एक युवक के सिर पर पानी के टैंकर का पहिया चढ़ गया। उसके सिर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। सड़क पर बिखरे अवशेषों को बाद में हाथों से समेटना पड़ा।

घटना शनिवार रात की है। दो युवक काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। स्पीड ब्रेकर पर अचानक संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रहे प्राइवेट पानी के टैंकर ने एक युवक को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान विजय (25) पिता नारायण सिंह ठाकुर, निवासी ग्राम



लोहारी (जिला धार), हाल निवासी मूसाखेड़ी के रूप में हुई है। उसका साथी रविंद्र ठाकुर भी बाइक पर सवार था।

**सोशल एक्टिविस्ट ने समेटे टुकड़े-** हादसे के बाद टैंकर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया। वहां मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता अजय नागदा ने शव को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। साथ ही उन्होंने सड़क पर बिखरे अवशेषों को हाथों से समेटकर थैली में रखा।

**दोनों युवकों के नशे में होने की आशंका-** कनाडिया थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि हादसा बिचौली मदार्ना सरकारी स्कूल के सामने हुआ। दोनों पुताई का काम करते थे। पुलिस के अनुसार, यह भी आशंका जताई जा रही है कि दोनों युवक नशे की हालत में थे, जिसके चलते बाइक पर नियंत्रण नहीं रह सका और हादसा हो गया।

# हाईकोर्ट में नौकरी लगाने का झांसा, आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की एक महिला को हाईकोर्ट में नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को तुकोगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने खुद को हाईकोर्ट का कर्मचारी बताया था और महिला से 25 हजार रुपए लेकर उन्हें उच्च न्यायालय जबलपुर की फर्जी सील लगा हुआ फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दे दिया। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक मामले में स्वाति बाथम निवासी तलावली चंदा ने शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने पुलिस को बताया था कि लक्ष्मण मेहरा नाम के व्यक्ति ने खुद को हाईकोर्ट का कर्मचारी बताकर उन्हें सहायक क्लर्क के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया और महिला से नौकरी के नाम पर 25 हजार रुपए नकद ले लिए और उन्हें उच्च न्यायालय जबलपुर का फर्जी सील लगा हुआ फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दे दिया। महिला को संदेह हुआ तो उन्होंने हाईकोर्ट रिसेप्शन पर जाकर लेटर की जांच करवाई तो वह फर्जी निकला। जिस पर महिला ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। टीआई जितेंद्र चौहान के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई और आरोपी लक्ष्मण (31) पिता देवी सिंह मेहरा निवासी ग्राम खुरपा, जिला नरसिंहपुर हाल पता विजय नगर इंदौर को गिरफ्तार किया।

### इंदौर के नवकारसी विवाद ने पकड़ा तूलः सोशल मीडिया पर कोल्ड वार

# आचार्य मुक्तिसागर सूरि बोले- कब तक यूं झगड़ते रहेंगे?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर आयोजित नवकारसी कार्यक्रम में व्यवधान को लेकर शुरू हुआ विवाद थम नहीं रहा है। श्वेतांबर जैन समाज के विभिन्न धड़ों में यह मुद्दा चर्चा में है। महासंघ को भेजे गए मानहानि नोटिस के बाद विवाद और गहरा गया है।

विवाद के करीब 29 दिन बाद जारी महासंघ के स्पष्टीकरण ने स्थिति स्पष्ट करने के बजाय नए सवाल खड़े कर दिए हैं। समाज के कई वर्गों का मानना है कि इस वक्तव्य में अपेक्षित संतुलन, संवेदनशीलता और आत्ममंथन का अभाव रहा। स्पष्टीकरण की भाषा और समय को लेकर भी असंतोष सामने आया



है, जिससे महासंघ की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न खड़े हुए हैं।

यह मुद्दा अब सोशल मीडिया के विभिन्न समूहों में भी प्रमुखता से उठाया जा रहा है। समाजजनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप, प्रतिक्रियाएं, अपील और समझाइश का सिलसिला जारी है, जिससे विवाद और चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

विवाद को शांत करने के प्रयास में जैन संत आचार्य मुक्तिसागर सूरि ने समाज के सोशल मीडिया ग्रुप में हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों से संयम और संवाद का आग्रह किया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि महावीर जन्म कल्याणक जैसे पवित्र अवसर से जुड़ा विवाद एक महीने बाद भी थम नहीं रहा, जो चिंताजनक है। उन्होंने समाज को भगवान महावीर के क्षमा और सहिष्णुता के सिद्धांतों का पालन करने की सलाह दी।

आचार्य ने अपने संदेश में कहा कि समाज में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन समाधान का मार्ग संघर्ष नहीं, बल्कि क्षमा और संवाद है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि जैसे शरीर के अंग आपस में टकराने पर भी हम उन्हें दंडित नहीं करते, उसी तरह समाज के भीतर भी आपसी समझ और सहनशीलता जरूरी है।

### एकता का आह्वान, भविष्य के लिए सुझाव

आचार्य मुक्तिसागर सूरि ने दोनों पक्षों से आपसी मतभेद भुलाकर समाजहित में कार्य करने की अपील की। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में सभी जैन संप्रदाय मिलकर एकजुट होकर आयोजन करें, ताकि देश और दुनिया में एकता का संदेश जाए। इस पूरे विवाद ने महासंघ नेतृत्व की कार्यशैली को भी सवालों के घेरे में ला दिया है। समाज के एक वर्ग का मानना है कि समय पर संवाद और समन्वय के अभाव ने विवाद को बढ़ाया। साथ ही, एकला चलो जैसी कार्यशैली और परामर्श की कमी को लेकर भी असंतोष सामने आया है।


कॉस्मेटिक शॉप
बिज़नेस आइडिया (Short)
कॉस्मेटिक शॉप एक हाई-डिमांड और प्रॉफिटेबल बिज़नेस है, खासकर महिलाओं और युवाओं के बीच। इसमें आप मेकअप, स्किनकेयर, हेयरकेयर और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स बेच सकते हैं।
कैसे शुरू करें:
1. अच्छी लोकेशन चुनें (मार्केट, कॉलोनी, मॉल के पास)
MALL
2. होलसेल मार्केट से सस्ता माल खरीदें (जैसे दिल्ली का सदर बाजार)
WHOLESALE
3. फेमस ब्रांड्स + लोकल प्रोडक्ट्स दोनों रखें
FAMOUS BRAND
FAMOUS BRAND
LOCAL PRODUCT
4. दुकान को आकर्षक तरीके से सजाएं
इनकम कैसे बढ़ाएं:
Bridal makeup किट और कस्टम पैकेज बनाएं
5% OFF
10% OFF
15% OFF
PRIMO SIGN
%
छोटे-छोटे ऑफर्स और डिस्काउंट दें
Instagram/WhatsApp पर ऑनलाइन ऑर्डर शुरू करें
शुरुआती निवेश:
₹50,000 – ₹2 लाख
मुनाफा:
20%-50% तक मार्जिन


MARKETED BY:
SOS INFRABULLS
MAHANTA GROUP
INDORE-UJJAIN ROAD की
RERA APPROVED
प्रॉपर्टी का बुफ़े
यहाँ मिलेगें आपको एक ही छत के नीचे अनेक ऑप्शन्स!
12 लाख से 50 लाख
तक के प्लॉट्स
VISIT:- 405, शगुन टॉवर अपना स्वीट्स, विजय नगर इंदौर
गूंजन श्रीवास्तव Mob.98363 96368


सात दिन, सात उपाए
हर दिन की विशेष पूजन विधि
सोमवार – भगवान शिव
शिवलिंग पर जल चढ़ाएं
दूध या सफेद चीज़ दान करें
लाभ: तन की शांति, तनाव दूर
मंगलवार – हनुमान जी
हनुमान चालीसा पाठ करें
सिंदूर/चोला अर्पित करो
लाभ: साहस, कर्ज़ों से मुक्ति
बुधवार · गणपति जी
गणेश जी को दूब घास चढ़ाएं
हरे फल बांटें
लाभ: बुद्धि व व्यापार में वृद्धि
गुरुवार – भगवान विष्णु
पीली वस्त्र व चना दान करें
भगवान विष्णु की पूजा करें
लाभ: योग्य व ज्ञान वृद्धि
शुक्रवार – माता लक्ष्मी
घर साफ रखें
कन्याओं को भोजन कराएं
लाभ: धन, सुख-समृद्धि
शनिवार – शनि देव
काले तिल व तेल का दान करें
कुत्तों को रोटी खिलाएं
लाभ: शनि की कृपा, बाधा नाश
रविवार – सूर्य देव
सूर्य को अर्घ्य दें
लाल वस्त्र चढ़ाएं
लाभ: स्वास्थ्य व आत्मविश्वास


गाँव का बिज़नेस आइडिया: मशरूम फार्मिंग (शॉर्ट आइडिया)
कैसे शुरू करें:
tiers for controlled growing
20–30 दिनों में फसल तैयार
ठंडा तापमान 18-22°C
साफ नमी (Humidity) बनाए रखें
4K ULTPA HD
कमाई कैसे होगी:
1 किलो मशरूम ₹150–₹300 तक बिकता है
कहाँ बेचें?
लोकल मार्केट
होटल और रेस्टोरेंट
सब्जी मंडी
हर महीने ₹10,000–₹40,000 तक कमा सकते हैं
4K ULTRA HD
क्या है?
मशरूम फार्मिंग एक कम जगह और कम लागत में शुरू होने वाला बिज़नेस है जिसमें आप घर या छोटे कमरे में मशरूम उगा सकते हैं।
शुरुआत कैसे करें?
• लीवन सार्मे
• (Spawn) में
• कमार्त नेनाए रखें
• ठंडा तापमान
शुरुआत: ₹5,000 – ₹20,000 (छोटे)
कितनी लागत?
शुरुआत: ₹5,000 – ₹20,000 (छोटे लेवल पर)
कम जँक में बिज़नेस
जल्दी तैयार होने वाली फसल
सालभर डिमांड
उच्च मांग
Tip:
शुरुआत में छोटे पैमाने पर शुरू करें, नमी और तापमान का विशेष ध्यान रखें।



# संजय कपूर की 30,000 करोड़ की संपत्ति बेचने पर रोक

## करिश्मा कपूर के बच्चों का वसीयत में जालसाजी का आरोप, दिल्ली हाईकोर्ट ने संपत्ति को फ्रीज किया

दिल्ली हाई कोर्ट ने एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के पूर्व पति और दिवंगत इंडस्ट्रियलिस्ट संजय कपूर की करीब 30 हजार करोड़ रुपए की संपत्ति बेचने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने संजय की संपत्तियों को सुरक्षित रखने का आदेश देते हुए उनकी तीसरी पत्नी, प्रिया सचदेवा कपूर को इन्हें बेचने रोका है। यह आदेश बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के बच्चों, कियान और समायरा की याचिका पर दिया गया है।

बच्चों ने लगाया वसीयत में जालसाजी का आरोप करिश्मा कपूर के बच्चों कियान और समायरा ने कोर्ट में दावा किया है कि प्रिया सचदेवा ने उनके पिता की एक फर्जी वसीयत तैयार की है। बच्चों का आरोप है कि प्रिया ने कोर्ट में संपत्तियों की जो लिस्ट पेश की है, वह अधूरी है। उनके मुताबिक, इस लिस्ट में संजय की कई महंगी रोलेक्स घड़ियां, पोलो खेलने वाले कीमती घोड़े और करोड़ों की पेंटिंग्स का जिक्र नहीं किया गया है। बच्चों का कहना है कि संजय कपूर की कई अचल संपत्तियां भी इस सूची से बाहर रखी गई हैं। कोर्ट ने बैंक खातों पर भी लगाई रोक सुनवाई के दौरान दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि संजय कपूर की संपत्ति को सुरक्षित रखा जाना जरूरी है ताकि उसे नष्ट न किया जा सके। कोर्ट ने प्रिया सचदेवा को किसी भी संपत्ति को बेचने से रोक दिया है और संजय के बैंक खातों के संचालन पर भी फिलहाल पाबंदी लगा दी है।

# तन्वी द ग्रेट से चमकी शुभांगी, ऑडिशन में खूब रोई

## 60 से ज्यादा रिजेक्शन झेलीं, कई बार बिना ऑडिशन लौटाया गया, अब लगातार मिल रहे अवॉर्ड्स

तन्वी द ग्रेट से पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस शुभांगी दत्त आज लगातार अवॉर्ड्स जीत रही हैं, लेकिन यहां तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था। शुभांगी ने बताया कि उन्होंने 60 से ज्यादा ऑडिशन दिए, कई बार बिना ऑडिशन लिए ही उन्हें लौटा दिया गया।

कभी कहा गया कि वह बहुत लंबी हैं, तो कभी फिट नहीं बैठतीं। कई बार रोते हुए घर लौटीं, लेकिन एक्टिंग का सपना नहीं छोड़ा। अनुपम खेर की फिल्म तन्वी द ग्रेट ने उनकी जिंदगी बदल दी।





**सवालः** सबसे पहले, तन्वी द ग्रेट की सफलता और लगातार मिल रहे अवॉर्ड्स को आप कैसे देखती हैं?

**जवाबः** ये पूरी जर्नी मेरे लिए बहुत खास रही है। जब लोगों को आपका काम पसंद आता है और इंडस्ट्री आपको अवॉर्ड्स के जरिए सम्मान देती है, तो लगता है कि आप सही रास्ते पर हैं। मुझे ऑस्ट्रेलिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, जी सिने अवॉर्ड्स, आइकॉनिक गोल्ड अवॉर्ड्स और हाल ही में इंदौर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी सम्मान मिला। सबसे खुशी की बात ये है कि पूरी टीम को इतना प्यार मिल रहा है।

**सवालः** आज इतने अवॉर्ड्स मिल रहे हैं, लेकिन क्या बचपन से ही तय था कि आपको एक्टिंग में ही जाना है?

**जवाबः** हां, कहीं ना कहीं बचपन से ही था। मैं शीशे के सामने कभी डॉक्टर बनती थी, कभी टीचर। टीवी देखते-देखते लगता था कि एक्टर्स हर तरह की जिंदगी जी लेते हैं। तभी से मन में था कि मुझे भी यही करना है। स्कूल बंक करके ऑडिशन देने चली जाती थी। कुछ समझ नहीं होता था, लेकिन कैमरे के सामने खड़े होने का बहुत शौक था।

**सवालः** लेकिन मिडिल क्लास परिवार में एक्टिंग का सपना देखना आसान नहीं होता, घरवालों का क्या रिएक्शन था?

**जवाबः** मम्मी बहुत डरती थीं। वो कहती थीं कि ये इंडस्ट्री आसान नहीं है। हम मिडिल क्लास फैमिली से आते हैं, इसलिए उन्हें लगता था कि सपने लिमिट में देखने चाहिए। लेकिन मैं हमेशा उनसे कहती थी कि मुझे एक बार पूरी कोशिश करनी है। अगर नहीं हुआ तो कम से कम ये अफसोस नहीं रहेगा कि मैंने ट्राय नहीं किया।

**सवालः** शायद उसी संघर्ष की वजह से बचपन भी काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा?

**जवाबः** बिल्कुल। मैंने पांच-छह स्कूल बदले। कभी घर बदला, कभी हालात। एक साल बोर्डिंग स्कूल में भी रही क्योंकि मम्मी काम करती थीं। किराए के घरों में रहने की वजह से बार-बार शिफ्टिंग होती थी। उस समय मुश्किल लगता था, लेकिन अब लगता है कि उन्हीं चीजों ने मजबूत बनाया।

**सवालः** क्या इसी वजह से आपने बहुत कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था?

**जवाबः** हां। मैंने 16 साल की उम्र से काम करना शुरू कर दिया था। कॉलेज के साथ-साथ इंटर्नशिप करती थी। बॉम्बे टॉकीज में ऑफिस का काम किया। मुझे अपने खर्च खुद उठाने थे। बाद में मॉडलिंग और दूसरे छोटे-मोटे काम भी किए। उस समय बस यही था कि कुछ ना कुछ करना है।

**सवालः** इसी दौरान आपने मास मीडिया की पढ़ाई भी की। क्या तब तक तय हो चुका था कि क्रिएटिव फील्ड में ही जाना है?

**जवाबः** हां, बिल्कुल। मैंने मास मीडिया और एडवरटाइजिंग की पढ़ाई इसलिए चुनी क्योंकि मुझे पता था कि मुझे क्रिएटिव इंडस्ट्री में ही काम करना है। पढ़ाई के साथ-साथ मॉडलिंग भी शुरू हो गई थी।

**सवालः** मॉडलिंग की बात करें तो पहला बड़ा ब्रेक ऋतिक रोशन के साथ मिला था। वो अनुभव कितना खास था?

**जवाबः** बहुत खास। मेरा पहला बड़ा मॉडलिंग असाइनमेंट ऋतिक रोशन सर के साथ था। वो उनके ब्रांड ल्फ़का शूट था। मैं इतनी स्टारस्ट्रक थी कि कैमरे के सामने उन्हें देखकर डायलॉग ही भूल जाती थी। वो मेरे फेवरेट एक्टर हैं, इसलिए वो दिन आज भी यादगार है।

**सवालः** मॉडलिंग के साथ क्या तभी लगा कि अब एक्टिंग को प्रोफेशनली सीखना चाहिए?

**जवाबः** हां। मुझे लगा कि सिर्फ सपना देखने से काम नहीं चलेगा, सीखना भी पड़ेगा। इसलिए मैंने अनुपम खेर सर के एक्टिंग स्कूल ह्यएक्टर प्रिपेयर्सह्ल में डिप्लोमा किया। वहां कैमरा, डांस, एक्शन और एक्टिंग की बारीकियां सीखीं।

**सवालः** एक्टिंग सीखने के बाद क्या स्ट्रगल थोड़ा आसान हुआ या रिजेक्शन तब भी मिले?

**जवाबः** नहीं, रिजेक्शन तब भी मिले। मैंने 60-70 से ज्यादा ऑडिशन दिए होंगे। कई बार बिना ऑडिशन लिए ही कह दिया जाता था कि ह्लआप बहुत लंबी हैंह्व या ह्लआप फिट नहीं बैठतीं।ह्व कई बार रोते हुए घर लौटी हूं। सबसे ज्यादा मुश्किल इंतजार था कि आखिर मौका कब मिलेगा।

**सवालः** इतने रिजेक्शन के बाद कभी लगा कि अब छोड़ देना चाहिए?

**जवाबः** हां, एक समय ऐसा भी आया जब मैंने दो-तीन महीने ऑडिशन देना बंद कर दिया था। मैं बहुत थक गई थी। लेकिन फिर खुद को संभालती थी क्योंकि एक्टिंग मुझे खुशी देती है। मैं नहीं चाहती थी कि ये सिर्फ स्ट्रगल बनकर रह जाए।

**सवालः** फिर उसी दौरान ह्यतन्वी द ग्रेटह्ल का ऑडिशन आया?

**जवाबः** हां। मुझे अलग-अलग तरह के ऑडिशन भेजे जाते थे। कभी कहा जाता कि एक ब्लाइंड पर्सन की तरह सोचो, कभी अलग इमोशनल सिचुएशन दी जाती। वो लोग मेरा अलग इंटरप्रिटेशन देखना चाहते थे। मैं कोशिश करती थी कि सबसे पहले ऑडिशन भेजूं ताकि लोग नोटिस करें।

**सवालः** फिल्म के लिए ऑडिशन का प्रोसेस कितना लंबा चला?

**जवाबः** करीब छह महीने तक। उस दौरान मुझे दूसरे प्रोजेक्ट्स छोड़ने पड़े क्योंकि टीम चाहती थी कि फिल्म में बिल्कुल फ्रेश फेस हो। मुझे बताया गया था कि चार-पांच लड़कियां शॉर्टलिस्टेड हैं, इसलिए हर ऑडिशन मेरे लिए बहुत जरूरी था।

# वायरल गर्ल बोली- सनोज मिश्रा ने मेरा शोषण किया

## डायरेक्टर समेत 4 के खिलाफ केरल में एफआईआर दर्ज कराई, मिश्रा की सफाई- ये साजिश

प्रयागराज महाकुंभ की वायरल गर्ल ने डायरेक्टर सनोज मिश्रा और तीन अन्य के खिलाफ पॉक्सो एक्ट (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) में एफआईआर कराई है। केरल की एनार्कुलम सेंट्रल पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।



एक पुलिस अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा- 29 अप्रैल को चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जब वह नाबालिग थी, तब डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग के दौरान उसके साथ दुर्व्यवहार किया था। मिश्रा ने उसे एक्टिंग के मौके देने का झांसा देकर उसका शोषण किया।

अधिकारी ने बताया कि कथित घटना केरल के बाहर मध्य प्रदेश में हुई थी। यह मामला संबंधित पुलिस स्टेशन को सौंप दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान भी दर्ज कराया है।





आरोपियों में केरल के विहिप नेता और वकील अनिल विलायल भी शामिल हैं। पीड़िता ने उन पर सोशल मीडिया पर बदनामी करने का आरोप लगाया है। दो अन्य आरोपियों के नामों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है।

**मिश्रा बोले- आरोप सोची-समझी साजिश-** उधर, फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा ने इन आरोपों को सोची-समझी साजिश बताया है। दावा किया कि उन्हें 'लव जिहाद' जैसे मुद्दों पर आवाज उठाने के कारण निशाना बनाया जा रहा है।

### मेरा परिवार परेशान, फिल्म का भविष्य भी संकट में

सनोज मिश्रा ने भावुक होते हुए कहा कि इस लड़ाई के कारण उनका परिवार परेशान है। वे भारी कर्ज में हैं और उनकी फिल्म का भविष्य भी संकट में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि उनकी मां बीमार हैं और घर में निराशा का माहौल है। मिश्रा ने कहा, मैं अकेला लड़ रहा हूं, लेकिन सच एक दिन सामने आएगा। मुझे साधु-संतों का आशीर्वाद और लोगों की दुआएं मिल रही हैं।

### नाबालिग से फर्जी कागजों के आधार पर शादी की

- डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने वीडियो जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है। मिश्रा ने आरोप लगाया कि उनकी फिल्म की अभिनेत्री को बहला-फुसलाकर केरल पहुंचाया गया। नाबालिग लड़की से फर्जी कागजों के आधार पर शादी की गई। अब मामले में आवाज उठाने पर उन्हें ही झूठे केस में फंसाया जा रहा है।
- उन्होंने कहा- जिन लोगों पर अपहरण, दुष्कर्म और गलत जानकारी देने जैसे आरोप हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। उल्टा मेरे खिलाफ ही पॉक्सो जैसी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर दी गई। लड़की का परिवार मेरे साथ है। उसका दावा है कि लड़की से दबाव में बयान दिलवाए जा रहे हैं। सनोज ने कहा कि केरल पुलिस उन्हें तलाश रही है जबकि मुख्य आरोपी खुलेआम घूम रहा है। उसे शासन-प्रशासन का संरक्षण मिला हुआ है।

### वायरल गर्ल प्रेग्नेंट, पति ने कहा- पुलिस के सामने पेश नहीं हो सकती

- बता दें कि पीड़िता इन दिनों प्रेग्नेंट है। उसके पति फरमान खान ने दावा किया है ऐसी हालत में वह यात्रा नहीं कर सकती और पुलिस के सामने पेश नहीं हो सकती।
- कोच्चि पहुंची मध्य प्रदेश पुलिस से फरमान ने कहा- डॉक्टरों ने स्वास्थ्य और गर्भावस्था को देखते हुए बेड रेस्ट की सलाह दी है। फिलहाल पुलिस दावे की जांच कर रही है। पुष्टि के लिए स्थानीय प्रशासन से मेडिकल सर्टिफिकेट मांगा जा सकता है।
- इस बयान से साफ है कि वायरल गर्ल लापता नहीं है और पति के साथ रह रही है। एमपी पुलिस अब तक नाबालिग होने के मामले में दोनों से पूछताछ नहीं कर सकी है।

### जन्मतिथि के दो अलग-अलग प्रमाण पत्र मिले थे

- कुंभ वायरल गर्ल की शादी शुरू से विवाद में है। पहले इसे ह्यलव जिहादह्ल बताया गया, फिर परिवार ने नाबालिग होने का दावा किया। जांच में महेश्वर नगर परिषद के जन्म प्रमाण पत्र में विसंगतियां मिली थीं।
- मेडिकल रिकॉर्ड के अनुसार उसका जन्म 30 दिसंबर 2009 को हुआ था। 11 मार्च 2026 को शादी के समय उसकी उम्र 16 साल, 2 महीने और 12 दिन थी। इसके बाद प्रशासन ने 1 जनवरी 2008 वाले पुराने प्रमाण पत्र को निरस्त करने के निर्देश दिए थे।

### सैमसन कैच छूटने के बाद उसी ओवर में आउट हुए, नूर का नो-लुक सेलिब्रेशन

# सीएसके में कार्तिक की आईपीएल में पहली फिफ्टी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई







चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 के 44वें मैच में मुंबई इंडियंस को 8 विकेट से हरा दिया। 2023 से पिछले 7 मुकाबलों में 6 मैच चेन्नई, जबकि सिर्फ 1 मैच मुंबई जीती है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में कार्तिक शर्मा ने आईपीएल का अपना पहला अधर्शतक लगाया। जसप्रीत बुमराह की गेंद पर संजू सैमसन का कैच स्लीप में छूटा और उसी ओवर में संजू विकेटकीपर को कैच थमा बैठे। मुंबई के रायन रिकेल्टन को आउट करने के बाद नूर अहमद ने नो-लूक सेलिब्रेशन किया।

**डेब्यू पर रामकृष्ण घोष ने शानदार कैच पकड़ा-** मैच के दूसरे ही ओवर में क्द्धछ में डेब्यू कर रहे चेन्नई के रामकृष्ण घोष ने जबरदस्त कैच पकड़ा। अंशुल कंबोज के ओवर की दूसरी गेंद पर विल जैक्स क्रीज से बाहर निकलकर बड़ा शॉट खेलने गए। गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर बैकवर्ड पॉइंट की ओर गई। आगे दौड़ते हुए घोष ने डाइव लगाकर जमीन से महज कुछ इंच ऊपर गेंद को दोनों हाथों से लपका।

**कंबोज थ्रो से चूके, रिकेल्टन रन-आउट से बचे-** पारी के चौथे ओवर में रायन रिकेल्टन को एक बड़ा जीवनदान मिला। गेंदबाज अंशुल कंबोज की सटीक यॉर्कर को रिकेल्टन ने डिफेंड किया और क्रीज से काफी बाहर निकल आए। कंबोज ने फुर्ती दिखाते हुए गेंद पकड़ी और कीपर छोर पर निशाना साधा, लेकिन थ्रो स्टंप्स पर नहीं लगा। रिकेल्टन ने क्रीज तक पहुंचने की उम्मीद ही छोड़ दी थी। थ्रो न लगने पर कंबोज ने हताशा में सिर पकड़ लिया।

**आईपीएल में प्रशांत के पहले ओवर में 3 छक्के लगे-** चेन्नई के प्रशांत वीर का आईपीएल में उनका पहला ओवर किसी बुरे सपने की तरह रहा। मैच का 5वां ओवर फेंकने आए प्रशांत को रायन रिकेल्टन ने 3 छक्के जड़ दिए। रिकलटन ने तीसरी गेंद पर 76 मीटर का स्लॉग-स्वीप लगाया। फिर अंतिम दो गेंद पर लगातार दो छक्के लगा दिए।

**दुबे ने नमन धीर का डॉली कैच छोड़ा-** मुंबई की पारी के सातवें ओवर में शिवम दुबे ने एक आसान सा कैच छोड़ दिया। ओवर की चौथी गेंद नूर अहमद ने 95 किमी के रफ्तार से डाली। नमन धीर ने बैकफुट पर जाकर कट शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद ने बल्ले का किनारा लिया और शॉर्ट थर्ड मैन पर खड़े दुबे के हाथ में गई, लेकिन दुबे कैच नहीं पकड़ सके। नमन इस समय 19 रन बनाकर खेल रहे थे।

**नूर अहमद का 'नो-लुक' सेलिब्रेशन-** नूर अहमद ने मुंबई के बैटर रायन रिकेल्टन को आउट करने के बाद अजब-गजब सेलिब्रेशन किया। नूर ने सातवें ओवर की चौथी गेंद पर रिकेल्टन को फंसाया। स्लॉग स्वीप खेलने गए रिकेल्टन गेंद को सीधे डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े उर्विल पटेल के हाथों में मार बैठे। विकेट लेने के बाद नूर अहमद ने अपनी आंखों पर हाथ रखकर 'नो-लुक' सेलिब्रेशन किया। आमतौर पर बैटर्स नो-लुक शॉट्स खेलते हैं।

**कम्बोज की थ्रो बल्लेबाज के पीठ पर लगी-** पहली पारी की आखिरी गेंद के बाद अंशुल कंबोज ने बल्लेबाज को सॉरी कहा। दरअसल, कंबोज ने सटीक यॉर्कर डाली, जिसे मुंबई के बल्लेबाज कृष भगत खेल नहीं पाए। बल्लेबाज तेजी से रन चुराने के लिए दौड़े, इस बीच विकेटकीपर संजू सैमसन ने गेंद कंबोज की ओर थ्रो की। कंबोज ने नॉन-स्ट्राइकर एंड पर रन-आउट करने के लिए निशाना साधा, लेकिन गेंद स्टंप्स पर लगने के बजाय सीधे दौड़ रहे कृष भगत की पीठ पर जा लगी। हालांकि कंबोज ने तुरंत कृष को सॉरी कहा।

**सैमसन कैच ड्रॉप के बाद उसी ओवर में आउट हुए-** चेन्नई की पारी का दूसरा ओवर काफी इवेंटफुल रहा। जसप्रीत बुमराह की पहली गेंद संजू सैमसन के बैट का किनारा लेकर स्लीप में गई, लेकिन विल जैक्स ने आसान कैच छोड़ दिया। इसके बाद बुमराह ने ओवर की आखिरी गेंद बाहर की ओर स्विंग कराई। सैमसन ने कट किया, लेकिन गेंद बैट का बाहरी किनारा लेकर सीधे विकेटकीपर रायन रिकेल्टन के हाथों में चली गई। सैमसन कैच छूटने के बाद सिर्फ 5 रन और जोड़ सके।

**कार्तिक शर्मा ने आईपीएल की पहली फिफ्टी लगाई-** चेन्नई के बल्लेबाज कार्तिक शर्मा ने शनिवार को आईपीएल की अपनी पहली फिफ्टी पूरी की। उन्होंने रनचेज के 18वें ओवर में कृष्ण भगत की पांचवी गेंद पर सिंगल लेकर अपना पचास पूरा किया। इसके बाद अगले ओवर की पहली गेंद पर विनिंग शॉट लगाया। उन्होंने ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर शॉर्ट थर्डमैन के ऊपर से चौका लगाया और चेन्नई को जीत दिलाई।

### आईपीएल में आज पहला मैच हैदराबाद-कोलकाता

## सीजन में दूसरी बार होगा सामना




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

आईपीएल में आज डबल हेडर (एक दिन में दो मैच) खेला जाएगा। दिन के पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शाम 3:30 बजे से खेला जाएगा।

इस सीजन दोनों टीमें दूसरी बार भिड़ेंगी। पिछले मुकाबले में हैदराबाद 65 रन से जीती थी। सनराइजर्स हैदराबाद इस समय पॉइंट्स टेबल पर तीसरे स्थान पर है, जिसने 9 मैचों में से 6 में जीत हासिल की है। टीम बेहतरीन फॉर्म में है जिसमें पिछले पांच मैच लगातार जीते हैं। दूसरी ओर, कोलकाता आठवें स्थान पर है, जिसने 8 मैचों में से केवल 2 में जीत हासिल की है।

- **कोलकाता का पलड़ा भारी-** दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 31 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें कोलकाता नाइट राइडर्स ने 19 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद केवल 11 मैच ही जीत सकी है। दोनों के बीच एक मुकाबला टाई भी रहा है। उसे सुपर ओवर में कोलकाता ने जीता। राजीव गांधी स्टेडियम में दोनों टीमों की 7 मैच खेले गए। होम टीम हैदराबाद को 3 और कोलकाता को 4 मैचों में जीत मिली।
- **अभिषेक और ईशान मलिंगा फॉर्म में-** इस सीजन में हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने 9 मैचों में 209.35 के स्ट्राइक रेट से 425 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। गेंदबाजी में ईशान मलिंगा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 मैचों में 15 विकेट झटके हैं।
- **रिंकू और कार्तिक पर कोलकाता को भरोसा-** कोलकाता के लिए रिंकू सिंह ने अब तक 8 मैचों में 215 रन जोड़े हैं। उनका स्ट्राइक रेट 141.44 का रहा है और वे दो अर्धशतक लगा चुके हैं। गेंदबाजी विभाग में कार्तिक त्यागी ने 8 मैचों में 9 विकेट लेकर टीम को मजबूती दी है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









दीनदयाल गुप्ता का निधन

## रोहित जैन आरबीआई के नए डिप्टी गवर्नर नियुक्त



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारत सरकार ने रोहित जैन को भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तीन साल की अवधि के लिए की गई है। रॉयटर्स ने शुक्रवार को जारी एक सरकारी अधिसूचना का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। जैन की नियुक्ति 3 मई से प्रभावी होगी। वह वर्तमान में केंद्रीय बैंक में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। डिप्टी गवर्नर के रूप में उनके कार्यभार का आवंटन अभी घोषित नहीं किया गया है। जैन ने पूर्व डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर का स्थान लिया है। रवि शंकर पिछले महीने अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए थे। आरबीआई अधिनियम, 1934 के अनुसार, केंद्रीय बैंक में चार डिप्टी गवर्नर होने चाहिए। अन्य तीन डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे, पूनम गुप्ता और एस सी मुर्मू हैं।

होजरी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक और चेयरमैन एमेरिटस दीनदयाल गुप्ता का शनिवार को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। 1937 में हरियाणा में जन्मे गुप्ता ने 1972 में डॉलर इंडस्ट्रीज की नींव रखी थी। इसे अपनी मेहनत से 1,700 करोड़ रुपये से अधिक के टर्नओवर वाली कंपनी बनाया। कंपनी ने कहा है कि गुप्ता जी एक दूरदर्शी मार्गदर्शक थे। उन्होंने भारतीय परिधान उद्योग को नई पहचान दी। उनके परिवार में पत्नी, चार पुत्र और पोते-पोतियां हैं, जो वर्तमान में व्यवसाय संभाल रहे हैं। पश्चिम बंगाल होजरी एसोसिएशन ने उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया था। सरकार ने इसके साथ ही भारत से जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले निवेश पर शिकंजा कसा है। इन देशों से आने वाले हर निवेश को पहले सरकार की मंजूरी लेनी होगी।

गैस संकट के बीच सरकार सख्त: दोहरे कनेक्शन वालों की हो रही पहचान

# पीएनजी ग्राहकों को छोड़ना होगा एलपीजी कनेक्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

क्या आपके पास भी एलपीजी और पीएनजी दोनों कनेक्शन हैं? सरकार अब दोहरे कनेक्शन पर रोक लगा रही है। गैस संकट, नए नियमों और पश्चिम एशिया के प्रभाव पर पूरी बिजनेस न्यूज पढ़ें।

वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में आ रही बाधाओं और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत सरकार ने रसोई गैस के प्रबंधन को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय वर्तमान में उन घरों की पहचान कर रहा है जिनके पास लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) दोनों के कनेक्शन मौजूद हैं। सरकार का मुख्य उद्देश्य इस दोहरे स्वामित्व को सख्ती से रोकना, सब्सिडी के संभावित दुरुपयोग पर लगाम लगाना और बिना पाइपलाइन गैस वाले जरूरतमंद घरों के लिए एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करना है।






### नया नियम और तेल कंपनियों पर पाबंदियां

सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत 14 मार्च को 'तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति और वितरण विनियमन) आदेश, 2000' में एक महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए एक अधिसूचना जारी की थी। इस संशोधित आदेश के तहत पीएनजी कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए अपना घरेलू एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना अनिवार्य कर दिया गया है। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जिसके पास पीएनजी और घरेलू एलपीजी दोनों कनेक्शन हैं, वह अपना एलपीजी कनेक्शन बरकरार नहीं रख सकता है और न ही सरकारी तेल कंपनियों या उनके वितरकों से एलपीजी रिफिल प्राप्त कर सकता है। ऐसे उपभोक्ताओं को तुरंत अपना घरेलू एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना होगा। इसके अलावा, तेल कंपनियों को भी ऐसे ग्राहकों को नया घरेलू एलपीजी कनेक्शन या सिलेंडर रिफिल देने से पूरी तरह रोक दिया गया है। जिन ग्राहकों के पास वर्तमान में केवल पीएनजी कनेक्शन है, उन्हें भी अब नया घरेलू एलपीजी कनेक्शन प्राप्त करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### पीएनजी नेटवर्क का विस्तार और वर्तमान आंकड़े

इस कदम का एक प्रमुख उद्देश्य पीएनजी के विस्तार को तेज करना भी है, ताकि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में आ रही रुकावटों के बीच घरेलू गैस की आपूर्ति पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सके। पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर आयोजित एक अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि सरकार इस बात का आकलन कर रही है कि कितने लोगों के पास दोहरे कनेक्शन हैं। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक 43,000 से अधिक उपभोक्ताओं ने अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दिए हैं। हालांकि, उन्होंने इसे ₹एक छोटी संख्या₹ बताते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में यह आंकड़ा और अधिक होगा।

**वैश्विक भू-राजनीतिक संकट और भारत की आयात निर्भरता-** इन सख्त घरेलू उपायों के पीछे का मूल कारण वैश्विक संकट है। भारत अपनी कच्चे तेल की 88 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस की 50 प्रतिशत और एलपीजी की 60 प्रतिशत जरूरतों को पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय आयात पर निर्भर है। 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों और तेहरान की जवाबी कार्रवाई से पहले, भारत का 85-90 प्रतिशत एलपीजी आयात, 30 प्रतिशत प्राकृतिक गैस और आधे से अधिक कच्चे तेल का आयात खाड़ी देशों (मुख्य रूप से सऊदी अरब और यूएई) से आता था।

**अब आगे क्या आउटलुक-** खाड़ी क्षेत्र में बढ़े इस तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी हो गई है, जो ऊर्जा आपूर्ति के लिए एक प्रमुख पारगमन मार्ग है। यद्यपि भारत ने रूस सहित अन्य देशों से कच्चे तेल की खरीद कर आपूर्ति बाधाओं को आंशिक रूप से कम किया है, लेकिन गैस आपूर्ति पर इसका व्यापक असर पड़ा है। नतीजतन, औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए गैस की आपूर्ति में कटौती की गई है, और होटल-रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए भी एलपीजी की उपलब्धता घटा दी गई है। देश में गैस उपलब्धता के इस गहरे संकट को देखते हुए सरकार ने फिलहाल नए एलपीजी कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया को पूरी तरह से रोक दिया है।

विमानों का किराया बढ़ने की आशंका

## अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के जेट ईंधन 5% महंगे हुए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए जेट ईंधन पांच फीसदी महंगा हो गया है। लगातार दूसरे महीने कीमतों में उछाल आने से विमानों का किराया बढ़ने की आशंका है। हालांकि, फिलहाल घरेलू विमानों का किराया नहीं बढ़ेगा।

अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत में शुक्रवार को 5 फीसदी की वृद्धि हुई। कीमतों में लगातार दूसरे महीने उछाल आई है, क्योंकि तेल कंपनियों ने ऊर्जा की वैश्विक कीमतों में वृद्धि को समायोजित तरीके से आगे बढ़ाया है। हालांकि, घरेलू एयरलाइंस के लिए एटीएफ की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे में अनुमान है कि घरेलू उड़ानों का किराया नहीं बढ़ेगा।

**दो दशक पहले हुआ था कीमतों का विनियमन-** एक मई के फैसले के बाद दिल्ली में एटीएफ की कीमतें 76.55 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोलीटर या 5.33 फीसदी बढ़कर 1511.86 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोलीटर हो गईं। एक अप्रैल को कीमतों में वृद्धि के बाद जेट फ्यूल एक मई को पांच फीसदी और महंगे हुए, यानी एक माह में दूसरी बार कीमतों में उछाल आया है। गौरतलब है कि जेट ईंधन की कीमतें दो दशक पहले विनियमित की गई थीं।


विदेशी एयरलाइंस बाजार दरों का भुगतान करेंगी पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में भारी उछाल आया था। सरकार और राज्य-स्वामित्व वाली तेल कंपनियों ने एक समायोजित दृष्टिकोण अपनाया है। विदेशी एयरलाइंस बाजार दरों का भुगतान करेंगी, जबकि घरेलू एयरलाइंस के लिए कीमतें नियंत्रित रखी गई हैं।

क्या रसोई का बजट फिर बिगड़ेगा: जानिए आपकी जेब पर कैसे पड़ेगा असर

# 5-6% तक महंगे होने वाले हैं खाने के तेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आम आदमी की रसोई पर महंगाई की मार! कच्चे तेल में उछाल और आयात लागत बढ़ने से पाम, सोयाबीन और सरसों जैसे खाने के तेल 5-6% तक महंगे होने वाले हैं। आम आदमी की जेब पर एक बार फिर महंगाई की बड़ी मार पड़ने वाली है। खाने का तेल बनाने वाली कंपनियां जल्द ही कीमतों में 5 से 6 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की तैयारी में हैं। इसका सीधा असर हर घर की रसोई के बजट पर पड़ेगा। जानकारों के अनुसार, पिछले ही महीने (मार्च) एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस, इमामी एग्रोटेक और पतंजलि फूड्स जैसी प्रमुख कंपनियों ने तेल के दाम बढ़ाए थे, और अब लगातार बढ़ रही लागत के कारण आम उपभोक्ताओं को एक और झटके का सामना करना पड़ सकता है।



### आखिर क्यों लगातार महंगे हो रहे हैं खाने के तेल?

इस बढ़ती महंगाई के पीछे मुख्य रूप से वैश्विक संकट और आयात से जुड़ी कुछ प्रमुख वजहें हैं:

**कच्चे तेल में भारी उछाल:** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण ब्रेंट क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) 120 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, खाने के तेल की कीमतें अक्सर कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय रुझान को फॉलो करती हैं।

**आयात और ढुलाई का बढ़ता खर्च:** भारत अपनी खाने के तेल की कुल खपत का लगभग 57 फीसदी हिस्सा विदेशों से आयात करता है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के कार्यकारी निदेशक बी.वी. मेहता के मुताबिक, बढ़ा हुआ माल-भाड़ा (फ्रेट), बीमा लागत और रुपये की कमजोरी ने खाने के तेल को महंगा कर दिया है।

**घरेलू कारण:** घरेलू बाजार में भी तिलहन (ऑयलसीड) की कीमतों में मजबूती आई है, जिसके चलते तेल उत्पादक कंपनियों के मार्जिन (मुनाफे) पर भारी दबाव पड़ रहा है।

### आंकड़ों में समझिए कितना बढ़ा है बोझ?

अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले एक साल के भीतर आयात लागत में बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई है। पाम ऑयल 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1,270 डॉलर प्रति टन, सोयाबीन ऑयल 20 प्रतिशत बढ़कर 1,335 डॉलर प्रति टन और सूरजमुखी (सनफ्लावर) ऑयल 17 फीसदी महंगा होकर 1,425 डॉलर प्रति टन पर पहुंच गया है। खुदरा बाजार में भी आम आदमी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल के मुकाबले सरसों के तेल की कीमत 11 फीसदी बढ़कर 189 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह सोयाबीन तेल 158 रुपये (8% वृद्धि) और सनफ्लावर ऑयल 184 रुपये प्रति लीटर (14% वृद्धि) के स्तर पर पहुंच चुका है।

**आगे क्या है उम्मीद-** फॉर्च्यून ब्रांड की मालिकाना कंपनी अहछ एग्री बिजनेस के एमडी एवं सीईओ श्रीकांत कान्हेरे ने स्पष्ट किया है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं और भू-राजनीतिक जोखिम जारी रहते हैं, तो खाद्य तेलों की कीमतों में और बढ़ोतरी होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

अमेरिका को भारी पड़ रहा ईरान युद्ध

# महंगाई ने तोड़ा तीन साल का रिकॉर्ड, जानिए कहां फंसे ट्रंप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

ईरान युद्ध से गैस की कीमतों में उछाल, अमेरिका में महंगाई 3 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंची। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए यह स्थिति असहज करने वाली साबित हो सकती है। फेड रिजर्व की ब्याज दर और अर्थव्यवस्था पर इसका पूरा असर जानने के लिए पढ़ें।

ईरान युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में मचे हाहाकार का सीधा असर अब महंगाई के रूप में दिखने लगा है। अमेरिका में गैस की बढ़ती कीमतों ने महंगाई को पिछले तीन वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया है। इस झटके के कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें भी फिलहाल टलती नजर आ रही हैं। अमेरिका में महंगाई के ताजा आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि ईरान के साथ जंग शुरू करना राष्ट्रपति ट्रंप को अब भारी पड़ रहा है। आइए, सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि इन ताजा आंकड़ों का अर्थव्यवस्था और आम आदमी पर क्या असर पड़ेगा।

**सवाल:** अमेरिका में महंगाई के ताजा आंकड़े क्या बता रहे हैं?

**जवाब:** वाणिज्य विभाग द्वारा जारी की गई नई रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में महंगाई दर मार्च महीने में फरवरी के मुकाबले 0.7 प्रतिशत बढ़ गई है। वहीं, अगर सालाना आधार पर देखें, तो कीमतों में 3.5 प्रतिशत का भारी उछाल आया है, जो पिछले लगभग तीन वर्षों में सबसे बड़ी बढ़ोतरी है।


**सवाल:** इस अचानक बढ़ी महंगाई के पीछे मुख्य कारण क्या है?

**जवाब:** इस बेतहाशा महंगाई का मुख्य कारण ईरान युद्ध है, जिसने वैश्विक स्तर पर गैस की कीमतों को आसमान पर पहुंचा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अकेले मार्च महीने में गैस की कीमतों में पिछले महीने की तुलना में लगभग 21 प्रतिशत का भारी उछाल दर्ज किया गया है।

**सवाल:** ऊर्जा और खाद्य कीमतों को हटा दें, तो 'कोर महंगाई' की क्या स्थिति है?

**जवाब:** 'कोर इन्फ्लेशन' यानी ऐसी महंगाई जिसमें खाद्य और ऊर्जा जैसे अधिक उतार-चढ़ाव वाले क्षेत्रों को शामिल नहीं किया जाता, उसमें भी चिंताजनक वृद्धि हुई है। मार्च में कोर महंगाई दर मासिक आधार पर 0.3 प्रतिशत बढ़ी है और सालाना आधार पर यह 3.2 प्रतिशत अधिक रही, जो फरवरी के 3 प्रतिशत के आंकड़े से ज्यादा है। नीतिगत फैसले लेने के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व मुख्य रूप से इसी कोर महंगाई पर नजर रखता है।


CORBETT COUNTY
BELVOIR REALTY
JIM CORBETT'S FIRST RERA-APPROVED RESIDENCES
CORBETT COUNTY
WHERE NATURE MEETS MODERN LIVING
MANAGED BY
BW Best Western Hotels & Resorts
VILLAS STARTING AT
₹1.40Cr
ONWARDS
Fully Furnished
Amenities
Jacuzzi
Club House
Lake
and 50+ More
NATURE AT YOUR DOORSTEP
SCENIC MOUNTAIN VIEWS
RERA-APPROVED & SECURE INVESTMENT
BAIL PARAO, NAINITAL UTTARAKHAND
Book Now- +91 85950 07767


Ministry of
Ayush
Government of India
Eat Good
Feel Good
Include Ayurveda Aahara in your Meal
experience the change
Scan to
know more
moayush | ministryofayush | MinistryofAyushofficial

स्वदेशी जागरण मंच | स्वावलंबी भारत अभियान

# स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें | विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो |
| कपड़े धोने का साबुन | घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबिल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन |
| सौन्दर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकूरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, क्रेक क्रीम |
| टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस |
| दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, बी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, प्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम |
| बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, बुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्प्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉर्डर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो |
| चाय - कॉफी | टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स |
| शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा | पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थमसअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी |
| आईस्क्रीम | कैप्स, अरूण, दिनशॉं, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमवेल, मदर डेयरी | कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स |
| खाद्य तेल खाद्य पदार्थ | कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्तिभोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा |
| तैयार कपड़े | मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इंलैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, बीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन | ली के सभी उत्पाद, बर्लिगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड |
| कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण | एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस | तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स |


गर्मी से बचाव
और हेल्दी रहने की
पूरी गाइड
क्या पिएं?
नारियल पानी
नींबू पानी
(नमक + चीनी)
छाछ/लस्सी
आम पन्ना
बेल का शरबत
सादा पानी
(8–10 गिलास)
क्या खाएं?
तरबूज
खरबूजा
खीरा/ककड़ी
पपीता
दही, छाछ
हल्का भोजन
(दाल, चावल, खिचड़ी)
कौन सी सब्जियां?
लौकी
तोरई
परवल
कद्दू
पालक
टिंडा
धूप में क्या पहनें?
हल्के रंग के कपड़े
(सफेद, हल्का नीला)
ढीले-ढाले
कॉटन के कपड़े
सिर ढकें
(टोपी/दुपट्टा/गमछा)
धूप का चश्मा
छाता साथ रखें
धूप में निकलते समय
ध्यान रखें
11 बजे से 4 बजे तक
कम से कम बाहर निकलें
पानी की बोतल
साथ रखें
बार-बार पानी पीते रहें
खाली पेट धूप में न निकलें
लू से बचाव के खास टिप्स
प्याज साथ रखें
आम पन्ना
ज़रूर पिएं
छांव में रहें
चक्कर/कमजोरी
हो तो तुरंत आराम करें
सनस्क्रीन
लगाएं
हेल्दी रहें, सुरक्षित रहें, खुश रहें!

■ वर्ष-12 अंक-179 मूल्य- 2 रु. | मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल | मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 03 मई, 2026

### सुभाषितानि

विनयफलं शुश्रूषा गुरुशुश्रूषाफलं श्रुतं ज्ञानम्।
ज्ञानस्य फलं विरतिः विरतिफलं चाश्रवनिरोधः।।

**भावार्थ** : विनय का फल सेवा है, गुरुसेवा का फल ज्ञान है, ज्ञान का फल विरक्ति (स्थायित्व) है, और विरक्ति का फल आश्रवनिरोध (बंधनमुक्ति तथा मोक्ष) है।

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुदेवी महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।।

**भावार्थ** : गुरु ब्रह्मा है, गुरु विष्णु है, गुरु ही शंकर है। गुरु ही साक्षात् परब्रह्म है, उन सद्गुरु को प्रणाम।

## सम्पादकीयम्

### क्षतिः प्रभावः

प्रथमं यत् इरान्-देशेन सह द्वन्द्वः शीघ्रं समाप्तुं समीपे अस्ति तथा च उभयराष्ट्रं शान्तिसम्झौतेः समीपे अस्ति इति। तस्य द्वितीयः दावाः ततोऽपि रोचकः अस्ति यत् इराणदेशः परमाणुशस्त्रनिमार्णे प्रयुक्तं समृद्धं यूरेनियमं समर्पयितुं सहमतः अस्ति। शत्रुतायाः प्रारम्भात् आरभ्य ट्रम्पः द्वन्द्वस्य विषये एतावत् विस्तृतं परस्परविरोधिदावानां सङ्ग्रहं कृतवान्-युद्धस्य शान्तिस्य च क्रमेण-यत् कस्मिन् अपि एकस्मिन् प्रतिपादने विश्वासं स्थापयितुं कठिनं जातम्। तथापि तस्य अद्यतनवाक्यानि सूचयन्ति यत् अमेरिकादेशः खलु अस्य विग्रहस्य समाप्तिम् इच्छति। क्षतिः प्रभावः अयं विग्रहः अवश्यमेव निवृत्तः भवेत्। अन्तर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेन्सी चेतवति यत्, मध्यपूर्वे कृते क्षतिकारणात्, तैलस्य उत्पादनस्य स्तरं द्वन्द्वपूर्वस्थितौ पुनः स्थापयितुं प्रायः वर्षद्वयं यावत् समयः स्यात्। अस्य तात्पर्यं यत्, यदि सम्झौता कृता अपि, तदपि वैश्विकसमुदायस्य परिणामतः आघातात् पुनः प्राप्तुं पर्याप्तः समयः स्यात अतः यदि इदानीं कूटनीतिकसंकल्पः आकारं गृह्णाति इति भासते तर्हि तस्य पूंजीकरणस्य प्रत्येकं अवसरं ग्रहीतव्यम्। हिजबुल इत्यादीनां तत्त्वानां विषये अपि सतर्कता आवश्यकी अस्ति, ये द्वन्द्वं वर्धयितुं प्रयतन्ते। 'ट्रम्पः स्वस्य प्रतिज्ञां भङ्गं कृतवान्...' इरान् पुनः होर्मुज् जलसन्धिं अवरुद्ध्य धमकीम् अयच्छत्; अग्निविनिमयस्य अनन्तरं का स्थितिः भवति? ट्रम्पस्य दावाः सम्प्रति अमेरिका-इरान्-देशयोः मध्ये द्वितीयचक्रस्य वातार्यां आधारः स्थापितः अस्ति।

### अधिकांशसरकारीविद्यालयानाम् परिणामाः सकारात्मकाः अभवन्

# यत्र तेषां प्रदर्शनं निजीविद्यालयानाम् अपेक्षया अतिक्रान्तम्



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

एतावत् दुर्बलः एव अभवत् इति। विद्यालयस्य प्राचार्यः दिनेशभट्टः एतेषां निराशाजनकपरिणामानां कारणं शिक्षकाणां शिक्षणदायित्वस्य अतिरिक्तं विविधप्रशासनिककर्तव्यैः भारितत्वम् इति उक्तवान्। सः कथयति यत् यदा छात्राः परीक्षायाः सज्जतायाः महत्त्वपूर्णं चरणं गच्छन्ति स्म तदा एव शिक्षकाः एसआईआर-अथवा विशेषसघनपुनरीक्षण-सर्वक्षणाय नियोजिताः आसन्। फलतः शिक्षकाः नियमितरूपेण विद्यालयं गन्तुं असमर्थाः अभवन्, शैक्षणिकशिक्षणस्य च दुःखं जातम्। सः अपि अस्य सर्वेक्षणस्य कृते एव कर्तव्यं नियुक्तः इति प्रकाशितवान्; अस्मिन् काले सः रोगी अभवत्, तदनन्तरं शल्यक्रिया कर्तव्या अभवत्। सः परिणामाः निराशाजनकाः इति स्वीकृत्य तेषां प्रति स्वस्य उत्तरदायित्वं न त्यजति इति च प्रतिपादितवान्।

इदानीं जिलाशिक्षापदाधिकारी गोपालसिंहबघेलेन उक्तं यत् मण्डलस्य अधिकांशसरकारीविद्यालयानाम् परिणामाः सकारात्मकाः अभवन्, यत्र अनेके प्रसङ्गाः सन्ति यत्र तेषां प्रदर्शनं निजीविद्यालयानाम् अपेक्षया अतिक्रान्तम्। परन्तु सः इदमपि स्वीकृतवान् यत् कतिपयानां विद्यालयानां परिणामाः-अस्याः विशेषसंस्थायाः सह-अपेक्षायाः अपेक्षया महत्त्वपूर्णतया न्यूनाः अभवन्। एतादृशेषु सन्दर्भेषु सम्बन्धितशिक्षकाणां कर्मचारिणां च कृते सूचनाः निर्गताः सन्ति, तेषां व्याख्यानानि याचन्ते; अनन्तरं अन्वेषणस्य निष्कषार्णाम् आधारेण अग्रे कार्यवाही भविष्यति।

आँकडानुसारं अस्मिन् वर्षे मण्डले उच्चविद्यालयपरीक्षायां कुलम् २३,७७५ अभ्यर्थिनः उपस्थिताः, येषु १८,७७० अभ्यर्थिनः सफलाः इति घोषिताः। एवं मण्डलस्य समग्रं उत्तीर्णता प्रतिशतं प्रायः ७९ प्रतिशतं आसीत्। विशेषतः सर्वकारीयविद्यालयेषु ८५.४३ प्रतिशतं उत्तीर्णता प्रतिशतं प्राप्तम्, निजीविद्यालयेषु ७०.४३ प्रतिशतं उत्तीर्णता प्राप्ता। अपि च पूर्ववर्षेभ्यः प्रवृत्तिं निरन्तरं कृत्वा महिलाछात्राः पुनः पुरुषसमकक्षेभ्यः अधिकं प्रदर्शनं कृतवन्तः। महिलाछात्राणां उत्तीर्णता प्रतिशतं ८३.५ प्रतिशतं, यदा तु पुरुषछात्राणां ७३.८ प्रतिशतं प्राप्तम्। समुच्चयसांख्यिकीयानि यद्यपि बहुधा सकारात्मकं चित्रं प्रस्तुतयन्ति तथापि छिन्दवाड़ानगरस्य अस्य विशिष्टविद्यालयस्य परिणामाः विद्यमानशिक्षाव्यवस्थायाः अन्तः निहितदोषान् प्रकाशयन्ति।

### कृषकस्य कृते-विशेषतः

# किरायेदारी-आधारेण भूमिं कृषिं कुर्वन्-एतत् पर्याप्तं धनं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

स्थानात् अन्तधार्नं जातम् आसीत्। कन्हैया रजकः तत्क्षणमेव स्थानीयनिवासिनः चोरीविषये सूचितवान्, परितः क्षेत्रेषु लुप्तसामग्रीणां अन्वेषणं च कृतवान्, परन्तु कुत्रापि कोऽपि सुरागः न प्राप्तः। तदनन्तरं सः कुण्डमपुलिसस्थानम् अगच्छत्, शिकायतां च दत्तवान्। पीडिता पुलिसं सूचितवती यत् चोरितसामग्रीणां कुलमूल्यं प्रायः ९०,००० भवति। कृषकस्य कृते-विशेषतः किरायेदारी-आधारेण भूमिं कृषिं कुर्वन्-एतत् पर्याप्तं धनं प्रतिनिधियति, एतस्य हानिः पुनः प्राप्तुं तस्य कृते अत्यन्तं भयंकरं आव्हानं भवति कन्हैया इत्यनेन आरोपितं यत् चोराः एकान्तस्थानस्य लाभं गृहीत्वा एतत् अपराधं कृतवन्तः, सम्भवतः चोरितवस्तूनाम् परिवहनार्थं महत् वाहनस्य उपयोगः कृतः इति

कन्हैया रजकस्य प्रतिवेदनस्य अनुसरणं कृत्वा कुण्डमपुलिसः अज्ञातचोराणां विरुद्धं प्रकरणं पञ्जीकृत्य अन्वेषणं प्रारब्धवान्। अपराधस्थलस्य निरीक्षणं कृत्वा पुलिसदलेन स्थानीयग्रामिणः कस्यापि शङ्कितायाः कायार्णां विषये प्रश्नं कुर्वन् अस्ति। अस्मिन् प्रकरणे ते सक्रियरूपेण कार्यं कुर्वन्ति, अपराधिनः शीघ्रमेव गृहीताः भविष्यन्ति इति पुलिस-अधिकारिणः वदन्ति। क्षेत्रे चोरीघटनानां वर्धमानं दृष्ट्वा ग्रामजनानां मध्ये भयस्य, असुरक्षायाः च वातावरणं प्रचलति। कृषकाः स्वस्य कष्टेन अर्जितानां सम्पत्तिनां कृषिसामग्रीणां च सुरक्षां सुनिश्चित्य ग्रामीणक्षेत्रेषु पुलिसगस्त्यस्य वृद्धिं कर्तुं आग्रहं कृतवन्तः। सम्प्रति कन्हैया रजकः न्यायस्य आशां कृत्वा पुलिसप्रशासनं पश्यति, यदा तु पुलिस अभियुक्तानां अन्वेषणकार्यं कुर्वन् अस्ति।

# न्यायालये व्यक्तिगतरूपेण स्वस्य प्रकरणस्य तर्कं कुर्वन्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

लोकनिर्माणविभागस्य अतिरिक्तमुख्यसचिवः (एसीएस) च अस्याः अव्यवस्थायाः स्थितिः व्याख्यातुं निर्देशिताः सन्ति। न्यायालये व्यक्तिगतरूपेण स्वस्य प्रकरणस्य तर्कं कुर्वन् याचिकाकर्ता-महावीरसिंहः मार्मिकः प्रश्नं कृतवान् यत् अस्मिन् आधुनिकयुगे यदा ओला, उबेर इत्यादीनां निजीटैक्सीसेवानां कृते केवलं द्वौ निमेषौ मोबाईल-एप्-माध्यमेन ग्राहकं प्रति गन्तुं शक्यते, तदा जीवनरक्षक-एम्बुलेन्स-वाहनानि प्रायः घण्टाभिः यावत् किमर्थं न आगच्छन्ति? दस्तावेजात्मकसाक्ष्याणां उद्धरणं दत्त्वा सः न्यायालयं सूचितवान् यत् केवलं भोपाल-जबलपुर-राजमार्गे स्थानीयजनाः प्रभावशालिनः व्यक्तिः च मार्गविभाजकं भङ्क्त्य स्वस्य सुविधायै प्रायः ३०० अवैधकट-पॉइण्ट्-निमार्णं कृतवन्तः।

## राशिफल

**मेष** : आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। परिवार में सामंजस्य बना रहेगा और सेहत सामान्य रहेगी।

**वृषभ** : रिश्तों में खुशी बनी रहेगी। कुल मिलाकर समय थोड़ा मध्यम है, लेकिन बहुत बुरा भी नहीं है।

**मिथुन** : स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। कोई अच्छा समाचार भी मिल सकता है। कुल मिलाकर समय मिला-जुला है पॉजिटिव ज्यादा है।

**कर्क** : सेहत का ध्यान रखें और परिवार के साथ समय बिताएं। काली चीज का दान करना आपके लिए लाभकारी रहेगा।

**सिंह** : परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। दांपत्य जीवन थोड़ा कमजोर रह सकता है।

**कन्या** : रिश्तों में शांति बनाए रखें। लेकिन घर में छोटे-मोटे झगड़े हो सकते हैं। इसलिए शांत रहें। मां काली को प्रणाम करना शुभ रहेगा।

**तुला** : काम में एनर्जी कम महसूस होगी। प्यार, बच्चे और बिजनेस की स्थिति ठीक रहेगी। शनि देव को प्रणाम करें, राहत मिलेगी।

**वृश्चिक** : पार्टनर का सहयोग मिलेगा। खर्च ज्यादा हो सकता है, इस पर ध्यान दें। लाल वस्तु का दान करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**धनु** : कहीं खुशी तो कहीं परेशानी। लाल वस्तु अपने पास रखें, फायदा होगा। बस मानसिक संतुलन बनाए रखें।

**मकर** : घर में तनाव के संकेत हैं। इसलिए संतुलन बनाकर चलें। पीली चीज पास रखना शुभ रहेगा।

**कुंभ** : सेहत का ध्यान रखें। इन बातों का ध्यान रखें। काली वस्तु का दान करना लाभ देगा।

**मीन** : अच्छी बात ये है कि पैसा आएगा और परिवार में बढ़ोतरी होगी। लाल वस्तु पास रखें, काली चीज का दान करें।

## ज्योतिष/वास्तु

# मई माह में बनेगा त्रिग्रही योग, इन राशि वालों की बढ़ सकती हैं मुसीबतें

मई माह में ग्रहों के गोचर के चलते कई तरह के योगों का निर्माण होगा। इस माह सूर्य, मंगल और बुध की युति मेष राशि में होगी जिससे त्रिग्रही योग बनेगा।

मई माह में कई ग्रहों का गोचर होगा जिससे कई तरह के शुभ योगों का भी निर्माण होगा। 11 मई को पराक्रमी और साहसी ग्रह मंगल मेष राशि में गोचर करेंगे। मेष राशि में पहले से सूर्य और बुध विराजमान हैं जिससे त्रिग्रही योग का संयोग बनेगा। आइए जानते हैं मेष राशि में त्रिग्रही योग बनने पर किन-किन राशि वालों को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के लिए उनकी कुंडली के 12वें भाव में सूर्य और मंगल की युति बनेगी, ऐसे में आपको थोड़ा सावधानी बरतनी होगी। कार्यस्थल पर आपके शत्रु



आपके ऊपर हावी हो सकते हैं। कार्य में आपको अच्छी पकड़ बनाए रखना होगा। अधिकारियों संग कामकाज को लेकर तनाव हो सकता है। लेन-देने के मामलों आपको बचकर रहना होगा।

**तुला राशि –** तुला राशि वालों के लिए मेष राशि में युति आपके स्वभाव को उग्र बना सकती है। एक साथ कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। जो लोग किसी के साथ काम-धंधे में साझेदार है उनको पार्टनर संग दिक्कतें आ सकती हैं। वैवाहिक जीवन में कई तरह का उतार चढ़ाव का सामना करना होगा।

**मकर राशि –** मकर राशि वालों के लिए सूर्य और मंगल की युति आपके चौथे भाव में होगी। जिससे आपके सुख-साधनों में वृद्धि के योग है पारिवारिक जीवन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जो लोग पिछले कई दिनों किसी तरह की प्रॉपर्टी आदि की खरीदारी में हैं उनको कुछ बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। लेकिन इस दौरान आपको सेहत संबंधी मामलों में सावधान रहने की जररूत होगी।

**मीन राशि –** मीन राशि में मंगल और सूर्य की युति आपके धन भाव यानी दूसरे स्थान पर होगी जिससे इस दौरान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान आपको आर्थिक मामलों में जल्दबाजी से फैसला लेने से बचें। आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। आपकी योजनाओं को फलीभूत होने में दिक्कतें आ सकती हैं।

## खबर एक नजर...

### लांस नायक की सड़क दुर्घटना में मौत



**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के उज्जैन-गरोठ हाइवे मार्ग पर ग्राम पदमाखेरिया में हुई सड़क दुर्घटना में सेना के लांस नायक रामचंद्र पिता मोहन 32 साल निवासी वेलगांव कर्नाटक की मौत हो गई। दुर्घटना में मृतक नायक के ससुर गोविंद पिता लक्ष्मण पाटिल घायल हुये है। झारडा थाना पुलिस के अनुसार सेना का लांस नायक अंबाला से कार में कर्नाटक लौट रहा था। उज्जैन-गरोठ हाइवे पर आगे चल रहे कंटेनर ने अचानक ब्रेक लगा दिये और कार पीछे से कंटेनर में जा घुसी थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद लांस नायक को थाना पुलिस द्वारा अंतिम बिदाई देकर शव कर्नाटक भेजा गया है।

### बिना सूचना यात्रियों को होटल में दिये थे कमरे

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में संचालित होने वाली होटलों, लॉजों, गेस्ट हाऊस, धर्मशाला संचालकों को जिलाधीश की ओर से आदेश जारी किये गये है कि उनके यहां बाहर से आकर रूकने वाले यात्रियों की सूचना संबंधित थाना पुलिस को प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाये। आदेश में पुलिस को भी अपने थाना क्षेत्र की होटलों की सर्चिंग के निर्देश जारी किये गये है। शुक्रवार रात माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम टीम के साथ क्षेत्र की होटलों में सर्चिंग के लिये पहुंचे। इस दौरान मक्सीरोड पर संचालित होटल कासलीवाल इन में रजिस्ट्रर चैक करने पर सामने आया कि 22 अप्रैल से कोई इंट्री नहीं की गई है। ना ही पुलिस को ठहरने वाले यात्रियों की सूचना दी गई है। जबकि होटल में यात्री ठहरे हुए है। होटल मैनेजर जयदीप प्रसाद पिता कमल पटेल निवासी खरगोन द्वारा जिलाधीश के आदेश का उल्लघन किया जा रहा है। जिसके चलते मैनेजर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 233 (ए) का प्रकरण दर्ज किया गया।

### पोकलेन का रास्ता रोक बदमाश ने मांगे पांच लाख

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के ग्राम बगोदा स्थित छापरी कांकड से धीरज पिता रुगनाथ सिंह गुर्जर 32 साल ग्राम बंजारी पोकलेन मशीन लेकर निकल रहा था। उसी दौरान दशरथ गुर्जर ने रास्ता रोक लिया और बोला कि हमारी जमीन से निकलना है तो पांच लाख रुपए देना होगे। पोकलेन चालक धीरज ने जमीन सरकारी होना बताई तो बदमाश ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार मामले में धीरज की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ अवैध वसूली की मांग करने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। बदमाश के खिलाफ पूर्व में अपराधिक मामले दर्ज है। जिसकी तलाश जारी है।

### पिता को विवाद करता देख पुत्र ने किया हमला

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम गेलाखेड़ी में रहने वाले भारतसिंह राजपूत की पत्नी बरखा शुक्रवार रात घर पर दिखाई नहीं दी तो भारतसिंह उसकी तलाश में निकला। गांव में काफी देर की तलाश के बाद पत्नी बरखा मिली तो उसे घर लाया और रात में घर से निकलने का कारण पूछने लगा। जिसके चलते दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। पिता को मां से विवाद करता देखा, पुत्र योगेन्द्रसिंह गुस्से में आ गया और उसने लाठी से पिता पर हमला कर दिया। भारतसिंह चोंट लगने पर घायल होकर गिर पड़ा। पुत्र ने गर्दन पकड़ ली और दबाने का प्रयास करने लगा। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाले दिलीप रघुवंशी ने बीच-बचाव किया। पुत्र ने पिता को जान से खत्म करने की धमकी दे डाली। घायल भारतसिंह रात में थाने पहुंचा और पुत्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू की है।

---

#### आलोट से हुआ था अपहरण, उज्जैन में की गई हत्या

# हाटकेश्वर में बंद मकान से मिली युवक की लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आलोट के विक्रमगढ़ से अगवा किये गये युवक की शनिवार शाम इंदौर-नागदा बायपास मार्ग हाटकेश्वर कालोनी के बंद मकान से लाश मिलना सामने आया है। आलोट पुलिस की सूचना पर नीलगंगा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। युवक की गला दबाकर हत्या किया जाना सामने आ रहा है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि शाम 6 बजे के लगभग रतलाम जिले के आलोट थाना पुलिस की पांच सदस्यीय टीम उज्जैन पहुंची थी। टीम ने बताया कि शुक्रवार रात विक्रमगढ़ के रहने वाले मनीष पिता दिनेश माली 24 साल का अपहरण हुआ था। मामले में कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ में पता चला कि मनीष की लाश इंदौर-नागदा बायपास मार्ग हाटकेश्वर कालोनी के मकान में पड़ी है। घटनाक्रम पता चलने पर आलोट पुलिस के साथ हाटकेश्वर पहुंच उक्त मकान का ताला तोड़ा गया। अंदर कमरे में मनीष का



शव पड़ा हुआ था। जांच के लिये एफएसएल टीम के साथ डॉग स्क्वाड को बुलाया गया। मनीष का रस्सी से गला घोंटकर हतया किया जाना सामने आ रहा है। थाना प्रभारी कुरील के अनुसार फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है। शव का रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। जांच आलोट पुलिस को सौंपी जायेगी। आलोट पुलिस के अनुसार मामला पुराने विवाद से जुड़ा हुआ है। कुछ साल पहले आरोपियों और मृतक के बीच शादी समारोह में कहासुनी हुई थी। उसी के चलते संभवतः अपहरण किया गया था।

**आलोट थाने पर परिजनों का हंगामा-** खबर सामने आई है कि मनीष की हत्या होने की खबर मिलने पर शनिवार शाम परिजन और रिश्तेदार आलोट थाने पहुंच गये थे। जहां उन्होंने जमकर हंगामा करते हुए जबरदस्ती थाने में घुसने का प्रयास किया। परिजनों का कहना था कि आरोपियों को जुलूस निकाला जाये और मकान तोड़ा जाये। पुलिस ने हंगामा करने वालों को रोकने के लिये थाने का चैनल गेट बंद कर दिया था। बमुश्किल परिजनों का शांत कराया गया और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

#### कार से आये थे अपहरण करने वाले

मनीष माली का अपहरण होने के बाद पिता दिनेश ने आलोट थाने पहुंचकर बताया था कि वह पुत्र के साथ मजदूरी करता है। शाम को दोनों घर लौटते थे। मनीष बाजार सामान लेने गया था। काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो तलाश की गई। इस दौरान पता चला कि कार से आये तीन-चार युवक मनीष को जबरदस्ती बैठाकर ले गये है। पिता ने मयंक माली, रितेश माली और निलेश माली पर अपहरण की शंका जताई। थाना प्रभारी मुनेन्द्र गौतम ने मामले में पिता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया और जांच शुरु की। मयंक और उसके 2 साथियों को शनिवार दोपहर हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ करने पर मनीष की लाश हाटकेश्वर कालोनी के मकान में होना बताया।

#### कुछ साल पहले उज्जैन में बनाया मकान

बताया जा रहा है कि मयंक माली आलोट का रहने वाला है। उसने प्रेम विवाह किया था। कुछ साल पहले उसके पिता मेहरबान माली ने हाटकेश्वर कालोनी में मकान बनाया था। लेकिन पिता का निधन हो गया। मकान पर मंयक अपनी पत्नी और मां के साथ आता रहता था। उनके नहीं होने पर मकान बंद रहता था। आशंका जताई जा रही है कि मनीष का अपहरण करने के बाद उसे आलोट से सीधे उज्जैन लाया गया और हत्या के बाद आरोपी वापस आलोट लौट गये।

## अनाज व्यापारियों ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर में तुलसी वेयर हाउस के पास 24 अप्रैल को व्यास कालोनी में रहने वाले अनाज व्यापारी राजेन्द्र कुमार पिता सौभागमल जैन 65 साल की ग्राहक से अनाज खरीदने की बात पर हुए विवाद में अनाज का व्यापार करने वाले पिता-पुत्र निलेश शाह और आदर्श शाह ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने घटनाक्रम सामने आने के बाद दोनों पिता-पुत्र के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया था। दोनों आरोपित बड़नगर छोड़कर फरार हो गये थे। सात दिन बाद भी दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर शनिवार सुबह बड़नगर अनाज मंडी के सैकड़ों व्यापारियों ने फसल खरीदी का काम रोक दिया और आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग शुरू कर दी। अनाज



व्यापारियों द्वारा खरीदी रोक प्रदर्शन करने की खबर मिलते ही बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार और प्रशासनिक अधिकारी मंडी पहुंच गये। व्यापारियों ने ज्ञापन सौंप आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर नराजगी जताई। थाना प्रभारी ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि 2 दिन में फरार आरोपितों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी। दोनों का पता लगाने के लिये एक टीम लगातार उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## घर से नाबालिग पुत्र ने चुराये थे लाखों के आभूषण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। ढाबा संचालक के घर में हुई चोरी का शनिवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया था। चोरी को ढाबा संचालक के 15 वर्षीय पुत्र ने अंजाम दिया था। उसकी निशादेही से लाखों रुपए कीमत के आभूषण बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि रतन एक्सटेंशन में रहने वाले राजेश मालवीय ने शुक्रवार शाम शिकायत दर्ज कराई थी कि वह हाटकेश्वर कालोनी के पास ढाब संचालित करता है। दोपहर में 3.30 बजे पत्नी और पुत्री के साथ पूजा के लिये भूखी माता मंदिर गया था। उस वक्त घर पर नाबालिग पुत्र अकेला था। शाम 7 बजे वापस लौटने पर घर का दरवाजा खुला मिला और सामान बिखरा दिखाई दिया। अलमारी का लॉकर भी टूटा था। नाबालिग पुत्र भी लापता था। लॉकर में रखे सोने-चांदी के आभूषण और नगद रुपए गायब थे। मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया और लापता पुत्र की तलाश शुरू की गई। देर रात पुत्र को क्षेत्र से खोज लिया गया, लेकिन वह काफी घबरा रहा था। चोरी में उसी पर शंका होने के चलते सख्ती पूछताछ की गई तो उसने वारदात करना कबूल कर लिया। उसकी निशादेही पर आभूषण से भरा बेग बरामद किया गया है। जिसमें रखा एक सोने का हार, एक जोड़ी सोने के कान के बाले, एक चेन, एक अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायल, चांदी की बिछुड़ी, बच्चे के चांदी के कड़े और 25 सौ रुपए नगद मिले है। नाबालिग को शनिवार दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है।

गोवा जाने की बनाई थी योजना

थाना प्रभारी कनोडिया ने बताया कि नाबालिग से पूछताछ में पता चला कि आभूषण चोरी करने के बाद उसने सामान बिखेर दिया था, ताकि परिजनों को लगे कि घर में बदमाश आये थे। चोरी के आभूषण बेग में रखकर दोस्त को दिये थे और 2 दिन बाद वापस लेने की बात कहीं थी। आभूषण बेचकर उसने गोवा घूमने की योजना बनाई थी। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि पूर्व में एटीएम चोरी कर रुपए भी निकाल चुका था। उस दौरान भी शिकायत की गई थी, लेकिन समझाईश के बाद पुलिस ने छोड़ दिया था। इस बार बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।

#### शाजापुर का बदमाश चुराता था यात्रियों के मोबाइल, जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया

# प्लेटफार्म नं. 8 से पकड़ाए बदमाश से 18 मोबाइल बरामद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भगत की कोठी एक्सप्रेस से तेलंगाना निवासी यात्री के 95 हजार कीमत के 2 मोबाइल चोरी करने वाले बदमाश को जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने 15 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। बदमाश के पास से चोरी किये गये 18 मोबाइल बरामद हुए है।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि शुक्रवार को उज्जैन स्टेशन पर पहुंची भगत की कोठी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे तेलंगाना के रहने वाले मोहम्मद मुशरफ के 95 हजार रुपए कीमत के 2 मोबाइल वीवो और एप्पल आईफोन स्लीपर कोच से अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिये थे। यात्री की शिकायत पर मामले में मोबाइल चोरी करने वाले बदमाश का पता लगाने के लिये आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव से



संपर्क किया गया और संयुक्त टीम बनाई गई। प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और संदिग्धों से पूछताछ शुरू की गई। इस दौरान शनिवार सुबह मुखबीर से पता चला कि भगत की कोठी एक्सप्रेस से मोबाइल चुराने वाला प्लेटफार्म नम्बर 8 पर दिखाई दिया है, वह फिर किसी वारदात की फिराक में है। तत्काल आरपीएफ-जीआरपी की टीम 8 नम्बर प्लेटफार्म पहुंची और मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर उसका नाम विनोद मेवाड़ा उर्फ चोटी निवासी पानखेड़ी थाना कालापीपल शाजापुर सामने आया। टीम द्वारा उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 18 मोबाइल फोन बरामद हो गये। थाने लाने पर उसने अलग-अलग ट्रेनों में चोरी करना बताया। थाना प्रभारी भावसार के अनुसार आरोपी को महज 15 घंटे में गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से बरामद 18 मोबाइल की कीमत 1.88 लाख रुपए होना सामने आई है। जिसमें तेलंगाना निवासी यात्री के मोबाइल भी शामिल है। आरोपी आदतन बदमाश है, जिसके खिलाफ अलग-अलग थानों में चोरी मारपीट, जुआ एक्ट, आर्म्स एक्ट के 12 से 15 अपराध दर्ज होना सामने आये है। फिलहाल उससे बरामद 16 अन्य मोबाइल के संबंध में जांच जारी है। बदमाश को न्यायालय में पेश किया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com